50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.3 °c | अधिकतम 24.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:59, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 335 | मंगलवार, 06 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

क्रोध उस विषैले विष के समान है, जो जीवन को नष्ट करना जानता है बचाना नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

गुण्डागर्दी सपा की फितरत, तीनों सीटों पर भाजपा की जीत पक्की : केशव प्रसाद मौर्य



वोट गिनती से थोड़ा पहले तक..गुण्डागर्दी जिताए रखती ...

# खूब लड़े मदन भैया, मझधार में अटकी विक्रम की नैया

## ▶▶लोकदल के पक्ष में उतरे चन्द्रशेखर का चलता दिखा जादू ▶▶दलित मतों को अपने पक्ष में पूरी तरह से नहीं कर पाए दर्जनों भाजपाई

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** सरकार की पूरा नूराकुश्ती के बाद खतौली उपचुनाव में आमने-सामने की टक्कर के बाद नल की रफ्तार तेज दिख रही है। बेशक 8 दिसम्बर को भाजपाइयों का कमल खिलकर सामने आ जाए मगर आंकड़ों की बाजीगिरी में नल कमल को दमदार टक्कर दे रहा है। रविवार को खतौली उपचुनाव में मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने जमीन पर उतरकर जब मतदाताओं के बीच सर्वे किया तो सर्वे में कमल पर नल भारी पड़ता नजर आया। जीत या हार यह तो ईवीएम में बंद हो चुकी है, मगर जिस तरह से नल कमल को टक्कर दे रहा है, तो इस बार भाजपा की साख दांव पर लग सकती है। चूंकि सर्वे का अनुमान आंकड़ों के आधार पर ही सामने रखा जाता है, ऐसे में सबसे अधिक चोट इस बार भाजपा को दलित मत देते दिखाई पड़ रहे हैं। चुनाव से पहले की मानें तो भाजपा 50 फीसदी दलित वोट अपनी झोली में मान रही थी, मगर चुनाव के दिन ऐसा नहीं दिखाई दिया। 50 प्रतिशत से भी ज्यादा मत नल के पक्ष में जाते दिखाई दिये। मतदाता से हुई बातचीत में अधिकांश दलित मतों ने भाजपा से मुखर होकर साफ कह दिया कि इस बार नल का जादू चलेगा और वे नल के साथ ही खड़े हुए हैं। इसी तरह गुर्जर मतों का भी यही हाल दिखाई पड़ रहा है। गुर्जर मतों में भाजपा इस बार भी सेंधमारी करने में असफल साबित हुई है। गुर्जर मत भी अधिकांश नल की ओर ही जाते दिखाई दिये। हालांकि भाजपा के पक्ष में एक बड़ा धड़ा सैनी, पाल, ब्राह्मण, वैश्य, कश्यप आदि का जाता दिखाई पड़ा। इन्हीं मतों के आधार पर भाजपा व नल में रस्साकशी दिखाई पड़ रही है। यूं तो दो-दो दलों के बीच बराबर की टक्कर मानी जा रही है, मगर नल की धार इस रफ्तार के साथ बहेगी यह चुनाव से पूर्व किसी को अनुमान नहीं था। मुस्लिम मतों का तो पहले से ही आंकलन था कि वह भाजपा की ओर तो जाएंगे ही नहीं। 99 फीसदी मुस्लिम मत पूरी तरह से रालोद-सपा गठबंधन के पक्ष में पड़ने का अनुमान है। हालांकि भाजपा के अंदरूनी सूत्रों की मानें तो इस बार एक बड़े मंत्री के कहने पर मुस्लिमों का 3 से 4 हजार मतों का मतदान भाजपा की ओर जाएगा। यदि भाजपाइयों की यह बात भी सच हुई, तब भी जो अंदाजा भाजपा को जीत-हार का चुनाव से पूर्व नजर आ रहा था, वह अब नहीं नजर आ रहा। मंचों से यह बात बड़े विश्वास के साथ भाजपाई कहते दिख रहे थे कि इस बार विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी की जीत पहले से दो गुनी होगी। अनुमानों की मानें तो विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी की जीत पहले जितने मतों से भी हो जाए तो गनीमत है। आंकलन के मुताबिक इस बार जीत-हार का फैसला 5-10 हजार वोटों में ही तय हो जाएगा। जो भी प्रत्याशी जीत अथवा हार में शामिल होगा, वह 5-10 हजार मतों से ही जीत-हार हासिल करेगा। हालांकि उपचुनाव का परिणाम हाथोंहाथ ही आता दिख रहा है।





खतौली में मतदान के दौरान दिखाई दिये ऐसे नजारे



वोटिंग का उत्साह : खतौली में वोटिंग के लिए लगी लम्बी कतार

बुजुर्ग महिला को रेहड़े में बैठाकर वोटिंग के लिए ले जाता परिजन।



अगले दो दिनों बाद यानि 8 दिसम्बर को ईवीएम में बंद दोनों प्रत्याशियों का भाग्य खुलकर सामने आ जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि इस बार मुकाबला सीधा-सीधा है। 2022 के चुनाव में जहां मुकाबला त्रिकोणीय होकर राजपाल सैनी, करतार भड़ाना व विक्रम सैनी के बीच था वहीं 2023 के उपचुनाव में बसपा इस बीच से हट चुकी है और भाजपा को बसपा का बीच से हटना बड़ा झटका इसलिए दे सकता है, क्योंकि लोकदल के पक्ष में उतरे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने उतरकर दलित मतों पर अपना खूब जलवा बिखेरा है, यह जलवा यदि कामयाब हो गया तो वास्तव में कहीं न कहीं कमल दलदल में फंसता दिखाई देगा। अगले दो दिनों में बेशक यह तस्वीर साफ हो जाएगी मगर फिलहाल कमल पर नल भारी पड़ता दिख रहा है। अब भाजपाई अपना जनाधार किस तरह से बचाते हैं, इसका जवाब ईवीएम मशीनों से गिनती होने के बाद मिल सकेगा। मगर भारी-भरकम मशक्कत करने के बाद भी अकेले मदन भैया ने विक्रम सैनी की नैया को मझधार में लाकर खड़ा कर दिया है।

## राजकुमारी का दावा- 50 हजार वोटों से होगी जीत



**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी ने कहा कि जनता का फैसला आठ दिसंबर को आएगा। लेकिन अनुमान है कि मेरी जीत करीब 50 हजार वोटों से होगी। पुलिस और प्रशासन पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वह गलत है। पुलिस ने तो विपक्षी प्रत्याशी मदन भैया की भी सुरक्षा की है। उन्होंने कहा कि जनता अपना फैसला कर चुकी है, हम अपनी जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं। विकास के नाम पर और बहू-बेटियों के सम्मान के लिए चुनाव लड़ा है, जनता ने हमारा पूरा साथ दिया है। खतौली के निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी ने कहा कि हम चुनाव जीत रहे हैं। जनता सीएम के साथ है। प्रदेश में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विपक्ष के आरोपों पर कहा कि जब व्यक्ति हारता है तो आरोप लगाता है। पुलिस-प्रशासन ने निष्पक्ष होकर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अपना काम कर रही है। किसी भी वोटर को परेशान नहीं किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कार्य किया है। सुशासन के नाम पर वोट मिला है।

# कोहरे से मुरझाया, धूप से खिला मतदान

- कड़ी सुरक्षा व संगीनों के साये में खतौली में 56.46% वोट पड़े
- आरोप-प्रत्यारोपों के बीच निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण रही वोटिंग
- सुबह ठंड का असर, बाद में धूप के साथ बढ़ी वोटिंग की गर्माहट

**मुजफ्फरनगर 5 दिसंबर (बु.)।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं संगीनों के साए में सोमवार को मुजफ्फरनगर जनपद खतौली विधानसभा उपचुनाव शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हो गया। सुबह के समय वोटिंग पर ठंड का असर दिखा, लेकिन बाद में धूप चढ़ने के साथ ही मतदाताओं की लंबी कतारें नजर आईं और इसके साथ वोटिंग प्रतिशत बढता चला गया। इस दौरान हर स्थिति पर पैनी नजर रखे आला अधिकारियों के निर्देशन में अधीनस्थ कर्मचारी, अधिकारी और पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था को बनाने में डटे रहे। डीएम, एसएसपी समेत तमाम अधिकारियों ने अपने काफिले के साथ आज सिखेड़ा, खतौली, जानसठ, नावला, रतनपुरी आदि इलाकों का भ्रमण किया। खतौली उपचुनाव में सोमवार को हुए मतदान के दौरान मिले अंतिम आंकड़ों के अनुसार कुल 56.46% मतदान हुआ। सोमवार को खतौली विधानसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराने की खातिर कोहरे के बावजूद सुबह से ही मतदान केंद्रों पर अमला डट चुका था। हालांकि मतदाता के लिए सुबह का समय काफी मुश्किलों से भरा रहा। ऐसे में सुबह मतदान की गति धीमी रही। यही कारण है कि नौ बजे तक काफी धीमा मतदान हुआ। हालांकि सूरज चढ़ने के साथ वोटर मैदान में निकले और इसके बार वोटिंग की रफ्तार भी बढती चली गई। सुबह के समय कुछ स्थानों पर ईवीएम खराब होने की सूचनाएं कुछ समय से आईं। नावला में ईवीएम खराब होने के कारण कुछ समय मतदान बाधित रहा, हालांकि बाद में वहां पूरी गति से वोट पड़े। मतदान समाप्त होने तक खतौली विधानसभा में किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सोमवार को खतौली उपचुनाव में सुबह 7 बजे मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच प्रारंभ हुआ। जैसे-जैसे सूर्यदेव आकाश में ऊपर चढ़ते गए, वैसे-वैसे मतदाताओं में जोश और मतदान का प्रतिशत तेजी से बढ़ता गया। हालांकि देर शाम तक आंकड़ों के अनुसार बीते चुनाव के मुकाबले मत प्रतिशत काफी कम रहा। सोमवार को मतदान प्रारंभ होने की कड़ी में खतौली उपचुनाव 369 बूथों पर प्रातः 9 बजे 6.9 प्रतिशत हो पाया, जो सूर्य की धूप की तरह तेजी से बढ़ता गया। ऐसे हालातों में तमाम बूथों पर लगी मतदाताओं की लाइनों के चलते प्रातः 11 बजे 20.7 प्रतिशत दोपहर 1 बजे तक 33.2 प्रतिशत, अपराह्न 3 बजे तक 40.2 प्रतिशत, सायं 5 बजे 54.5 प्रतिशत और शाम 6 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मात्र 56.5 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## पहले वोट फिर होगी शादी, मतदान केंद्र पर पहुंचा दूल्हा

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान के बीच आज जियाउद्दीन कासमी की बारात भी जाने को तैयार थी, लेकिन पहले वह वोट डालने पहुंचा। जियाउद्दीन ने कहा कि उन्होंने बारात ले जाने से पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाने में अहम जिम्मेदारी निभाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार जाति-धर्म को देखते हुए वोट नहीं डाला बल्कि आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए वोट का प्रयोग किया है। सभी साथियों को मैने पहले ही अवगत करा दिया था कि वह वोट डालकर ही बारात में जाएंगे। चुनाव में वोट डालते हुए कहा कि पहले लोकतंत्र है और शादी भी आज ही है तो कोई बात नहीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को ध्यान में रखते हुए पहले मतदान किया और शादी अब करेंगे।

## जनता ने दिया भरपूर आशीर्वाद : कपिल देव

- खतौली उपचुनाव सकुशल सम्पन्न होने पर राज्यमंत्री ने जताया सभी का आभार

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि खतौली उपचुनाव में जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है, निश्चित रूप से भाजपा की जीत होगी। उन्होंने चुनाव प्रबंधन में लगे लोगों और मतदाताओं का आभार भी जताया। खतौली उपचुनाव का मतदान सकुशल सम्पन्न होने के बाद राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इलाके की जनता ने वोटों के रूप में भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। जनता का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। उन्हें उम्मीद है कि भाजपा की ही जीत होगी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर कार्यकर्ताओं के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तमाम जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने गांव गांव, गली गली जाकर अथक परिश्रम किया है। उन्होंने शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पुलिस प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया है।



# मुजफ्फरनगर और खतौली पालिका अनारक्षित

## ▶ नगर पंचायतों में पांच में रहेगा खुला मैदान ▶ दो में महिला और एक में ओबीसी की कमान

**मुजफ्फरनगर 5 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूची भी आज जारी कर दी गई है। इसके अनुसार मुजफ्फरनगर पालिका सीट को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है। यानि यहां अब किसी भी जाति वर्ग का पुरुष और महिला चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र होगा। नगर पालिका खतौली को भी अनारक्षित घोषित किया गया है। इसके अलावा जिले में पांच नगर पंचायतें भी अनारक्षित श्रेणी में शामिल की गई हैं। इसके बाद नगर निकायों में चेयरमैन पद के दावेदार अपनी टिकट और वोट की जोड़तोड़ को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

मुजफ्फरनगर और खतौली नगर पालिका अनारक्षित रहेगी, जबकि नगर पंचायत चरथावल और सिसौली को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। चरथावल भी महिला वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है। ऐसे में यहां चुनावी पहलवानों को अपनी पत्नी को मैदान में उतारना पड़ेगा। सिसौली पिछली बार की तरह इस बार भी महिला के लिए ही आरक्षित रही। नगर पंचायत भोकरहेड़ी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। जिले में नगर पंचायत जानसठ, मीरापुर, पुरकाजी, बुढ़ाना और शाहपुर को भी अनारक्षित वर्ग में रखा गया है। मुजफ्फरनगर शहर और खतौली को अनारक्षित किए जाने से दोनों सीटों पर टिकट के दावेदार बढ़ जाएंगे। जिन नगर निकायों को अनारक्षित रखा गया है वहां दावेदार खुश तो हैं, लेकिन मैदान खुला होने के बाद अब टिकट की जंग कड़ी रहेगी और इसके बाद चुनाव मैदान में भी जबरदस्त जोर आजमाईश होनी तय है।

**मुजफ्फरनगर जनपद की नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत की आरक्षण सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद | - | अनारक्षित |
| 02. | खतौली नगर पालिका परिषद | - | अनारक्षित |
| 03. | भोकरहेड़ी नगर पंचायत | - | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 04. | जानसठ नगर पंचायत | - | अनारक्षित |
| 05. | मीरापुर नगर पंचायत | - | अनारक्षित |
| 06. | बुढ़ाना नगर पंचायत | - | अनारक्षित |
| 07. | शाहपुर नगर पंचायत | - | अनारक्षित |
| 08. | चरथावल नगर पंचायत | - | महिला |
| 09. | सिसौली नगर पंचायत | - | महिला |
| 10. | पुरकाजी नगर पंचायत | - | अनारक्षित |

**शामली जनपद की नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत की आरक्षण सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | नगर पालिका परिषद शामली | - | अनारक्षित |
| 02. | नगर पालिका परिषद कैराना | - | अनारक्षित |
| 03. | नगर पालिका परिषद कांधला | - | अनारक्षित |
| 04. | नगर पंचायत बनत | - | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 05. | नगर पंचायत ऊन | - | महिला |
| 06. | नगर पंचायत एलम | - | अनारक्षित |
| 07. | नगर पंचायत थानाभवन | - | अनारक्षित |
| 08. | नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता | - | अनारक्षित |
| 09. | नगर पंचायत जलालाबाद | - | अनारक्षित |
| 10. | नगर पंचायत झिझाना | - | अनारक्षित |

## तीन फीट का दानिश पहुंचा मतदान करने तो बना आकर्षण का केंद्र



**खतौली, 5 दिसंबर (बु.)।** ढाकन वाला चौक निवासी दानिश भी उपचुनाव में मतदान करने के लिए पहुंचा तो वह आकर्षण का केंद्र बन गया। दानिश ने कहा कि उसने विकास के मुद्दे पर वोट दिया है। अपनी शादी की मांग को लेकर एक दिन पहले ही दानिश चर्चा में आया था। आज उसे बूथ पर देख लोगों की उत्सुकता बढ़ गई। ढाकन चौक निवासी कपड़ा व्यवसायी नईम के परिवार में छह बच्चे हैं। इनमें तीन की शादी हो चुकी है, जबकि अब तक पांचवें नंबर के 22 वर्षीय दानिश की शादी नहीं हुई है। दानिश कपड़े की दुकान पर काम करता है।

## खराब ईवीएम ने रोका मतदान

**खतौली।** रतनपुरी क्षेत्र के गांव घनश्यामपुरा में प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 282 पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान कुछ देर के लिए प्रभावित हुआ। ईवीएम को बदलकर दूसरी ईवीएम लगाई गई। जिसके बाद मतदान फिर से सुचारु हो सका।

# चेयरमैनी के दिखेंगे कई रंग, पहले शुरू हुई टिकट की जंग

- सीमा विस्तार के बाद भाजपा के बढ़े भाव पर प्रत्याशी चयन को लेकर जातीय दबाव
- सपा-रालोद को मुफ्त मे मिल सकता है मुस्लिम वोट पर प्रत्याशी चयन में ना हो खोट
- बसपा भी चलेगी इस बार करारा दांव, डुबा सकती है किसी भी दल की नाव

**ऋषिराज राही**

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** नगर निकाय चुनावों के लिए अध्यक्ष पद का आरक्षण जारी होने के साथ ही अब चुनाव मैदान के लिए अस्त्र-शस्त्र लेकर दावेदार मैदान में उतर चुके हैं। शहर पालिका के अनारक्षित होने के बाद अब यहां रोमांचक मुकाबले की उम्मीद के साथ निगाह इस बात पर है कि मुख्य मुकाबले के दलों में किसे मैदान में उतारा जाता है। ऐसे में टिकट के दावेदार जहां पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं, वहीं जातीय तानेबाने में भी चुनावी महारथियों को फिट करके देखा जाने लगा है। रालोद सपा गठबंधन के लिए जहां टिकट का चयन काफी सहूलत भरा होगा, वहीं भाजपा के लिए इस बार जातीय संतुलन को कायम करना टेढ़ी खीर साबित हो सकता है। इसका कारण यह है कि अभी तक वैश्य के नाम लिखी रही सीट पर पंजाबी और ब्राह्मण भी टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद के चुनावों की असली जंग की रूपरेखा आज आरक्षण की घोषणा के साथ तय हो गई। शहर की सीट अनारक्षित होने का अनुमान बुलेटिन ने लगाया था और आज यह सच साबित हुआ। इस ऐलान के बाद अब नगर पालिका चुनावों में फिर से जंग रोमांचक होने के आसार बन गए हैं। ऐसे में अब निगाह इस बात पर होगी कि किसी पार्टी से कौन सा चेहरा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतारा जाता है। शहर की पार्टी माने जाने वाली भाजपा पिछले दो चुनावों में यहां धूल चाटती रही है। इस बार नगर के सीमा विस्तार के बाद जोड़े गए इलाकों में उसे उम्मीद की खासी किरण नजर तो आ रही है, लेकिन असली चुनावी जंग में जाने से पहले भाजपा की अग्निपरीक्षा टिकट के चयन में होनी है। भाजपा के साथ संघ को भी इस बार इस चयन में पसीने छूटने लाजमी हैं। भाजपा तथा अन्य दलों के लिए यह शहर के चुनाव को वैश्य के चश्मे से ही दिखता रहा है। इसका कारण यह है कि पिछले लगातार कई चुनाव यहां वैश्य के नाम रहे हैं। ऐसे में इस बार शहर में चेयरमैन पद पर पंजाबी समाज की ओर से तगड़ी दावेदारी पेश की गई है। इसे लेकर पंजाबी समाज के लोगों में खासी खलबली भी मची है। दूसरी ओर ब्राह्मण समाज भी भाजपा से टिकट की दावेदारी करता रहा है। वैश्य बिरादरी से इस बार टिकट के दावेदारों की फेहरिश्त तो काफी लंबी है, लेकिन इनमें तीन चार को ही गंभीर माना जा रहा है। ऐसी ही स्थिति पंजाबी समाज में है। जाहिर है कि चेयरमैनी चुनाव के लिए जातीय समीकरण साधना भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहने वाली है। यह जरूर है कि इस बार नगर क्षेत्र के विस्तार में शहर के आसपास की जो आबादियां नगर पालिका में शामिल हुई हैं, उनमें भाजपा की पैठ अधिक है। दूसरी ओर सपा-रालोद गठबंधन की बात करें तो उसके लिए एक सुविधा की बात यह है कि भाजपा हराओ नारे के नाम पर उसे एक बड़ा मुस्लिम वोट बैंक मुफ्त में मिल जाता है। पिछले चुनावों का जो अनुभव रहा है, उससे यह बात साफ हो जाती है कि मुस्लिम वोटर ने किसी दल के मुस्लिम प्रत्याशी के मुकाबले उस प्रत्याशी को समर्थन का तोहफा दिया है, जिसने भाजपा को हराने की ताकत दिखाई है। ऐसे में खुली सीट होने के बाद समाजवादी पार्टी-रालोद गठबंधन के लिए ऐसे उम्मीदवार को तलाशना जरूरी होगा जो मुस्लिम वोट बैंक के साथ तालमेल बनाते हुए भाजपा के वोट बैंक का करारा जवाब दे सके। उसे इस बात से भी सबक लेना होगा कि पिछले नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस जैसी पार्टी के नाम पर भी अंजू अग्रवाल वैश्य मुस्लिम समीकरण को जोड़कर सपा को तीसरे नंबर पर खिसकाने में सफल रही थी। इसके अलावा पालिका चुनाव में बसपा भी कम ताकतवर पार्टी नहीं रही है। लेकिन उसके लिए भी सबसे बड़ी चुनौती यही दिखाना है कि उसका प्रत्याशी भाजपा का मुकाबला कितनी ताकत से

S.D.COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

(AICTE APPROVED & AFFILIATED TO DR APJ ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY, LUCKNOW)

JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR (U.P.)-251001

विद्यामृतमश्नुते

Grab the opportunity to join premier Institute!!HURRY UP!!Last week of admission

ADMISSION NOTICE AGAINST LAPSED/VACANT SEATS FOR SESSION 2022-23

B.TECH- I YEAR- INFORMATION TECHNOLOGY, MECHANICAL ENGG., ELECTRICAL ENGG., ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL ENGG., COMPUTER SCIENCE & ENGG. WITH MINOR DEGREE

B.TECH- II YEAR- LATERAL ENTRY- MECHANICAL ENGG., ELECTRICAL ENGG., ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL ENGG., COMPUTER SCIENCE & ENGG., INFORMATION TECHNOLOGY

M.TECH- I YEAR-ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG.

MBA- I YEAR

NOTE: FROM SESSION 2022-23 HINDI/ENGLISH MIXED LANGUAGE IN EXAM ALLOWED FOR B.TECH I YEAR IN AKTU

FOR OTHER DETAILS CONTACT: 9415511456, 8410020785, 9319408828

EMAIL: sdengg@rediffmail.com WEBSITE: www.sdcetmzn.org

## महिला प्रधान को नीचे गिराकर पीटा, थूका

**बागपत, 5 दिसंबर (वार्ता)।** गांव में एक परिवार के झगड़े में बीच-बचाव करना महिला प्रधान को भारी पड़ गया। कुछ लोगों ने मारपीट कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया और उनके ऊपर थूक भी दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फखरपुर शेखपुरा गांव की प्रधान तैय्यब का कहना है कि शुक्रवार को गांव में एक महिला का ससुराल पक्ष के लोगों के साथ विवाद हुआ था। शनिवार को महिला के मायके पक्ष से 10 लोग गांव में आए हुए थे। शाम पांच बजे महिला के ससुराल और मायके पक्ष के लोगों के बीच झगड़ा हो गया। आरोप है कि इसी दौरान महिला के मायके पक्ष के पांच-छह लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जमीन पर गिरा दिया। लात-घूंसों से पिटाई कर दी। जान से मारने का प्रयास किया। आरोपितों ने उन्हें खड़ंजे पर घसीटा और उन पर थूका भी। उन्होंने पांच आरोपितों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा।

## हिंडन एयरबेस में घुस रहे चार युवक पकड़े

**गाजियाबाद, 5 दिसंबर (वार्ता)।** कार सवार चार युवकों ने रविवार रात हिंडन एयरबेस में मुख्य द्वार से जबरन घुसने की कोशिश की। चालक नशे में धुत्त था। उसने सुरक्षाकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। दूसरे सुरक्षाकर्मी ने बैरिकेड की मदद से उन्हें रोक लिया और चारों को पकड़कर साहिबाबाद कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। रविवार रात करीब नौ बजे बलेनो कार सवार चार युवक हिंडन एयरबेस के मुख्य द्वार पर पहुंचे, जहां सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि चालक ने कार नहीं रोकी और सुरक्षाकर्मी पर चढ़ाने की कोशिश की। दूसरे सुरक्षाकर्मी ने उन पर बंदूक तान दी और बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दिया, फिर चारों को पकड़ लिया गया। चालक की पहचान राजनगर के पृथ्वी चौधरी के रूप में हुई। उसके साथ जागृति विहार संजय नगर के अभिषेक शर्मा, रहीशपुर के सचिन चौधरी और आदर्श नगर संजय नगर के अर्पित राठी कार में सवार थे। मौके पर उनकी जांच की गई। पृथ्वी चौधरी शराब के नशे में थे। चारों को पुलिस को सौंप दिया गया।

## दिल्ली में इन वाहनों के संचालन पर रोक

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली एनसीआर में हवा की गुणवत्ता गंभीर स्थिति में जाने से अब पाबंदियां भी लगा दी गई हैं। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने दिल्ली में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों को बैन कर दिया है। अगर ये वाहन रोड पर चलते मिलते हैं, तो जुमार्ना लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। ग्रेप के तीसरे चरण के अनुसार, बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल कारों के संचालन पर रोक लगाई गई है। वहीं, आपातकालीन, सरकारी और चुनाव से संबंधित वाहनों पर रोक नहीं रहेगा। अगर कोई भी ग्रेप (जीआरएपी) के नियम का उल्लंघन करता मिलता है तो उस पर 20,000 रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया जाएगा।

## हिमाचल में कमल ही खिलने के आसार

**शिमला, 5 दिसंबर (वार्ता)।** हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को संपन्न हुए विधानसभा चुनाव 2022 के लिए एग्जिट पोल जारी हो गए हैं। एग्जिट पोल का औसत यानी पोल ऑफ पोल्स में किसका पलड़ा भारी होगा और कौन सरकार बनाने में सफल होगा इसकी अनुमानित संभावना एग्जिट पोल के आंकड़ों से लगाई जा सकती है। न्यूज एक्स के एग्जिट पोल के अनुसार हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को कुल 68 सीटों में से 27 से 34 सीटों पर जीत हासिल होती दिख रही है। ऐसे में सत्ताधारी बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। न्यूज एक्स के एग्जिट पोल के अनुसार हिमाचल प्रदेश में बीजेपी को कुल 68 सीटों में से 32-40 सीटों पर जीत हासिल हो सकती है।

## गुजरात-दूसरे चरण में 58.68 फीसद वोटिंग

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर (वार्ता)।** गुजरात विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के लिए मतदान शाम पांच बजे खत्म हो गया। जानकारी के अनुसार, गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में पांच बजे तक 58.68 फीसद मतदान हुआ। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गुजरात विधानसभा चुनाव की 93 सीटों पर सुबह 9 बजे तक 4.75% मतदान हुआ, जबकि 11 बजे तक 19.17 फीसद लोगों ने अपने मताधितकार का इस्तेमाल किया। वहीं, 1 बजे तक 34.74 फीसद मतदान हुआ और 3 बजे तक 50.51 फीसद मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक राज्य में 58.68 फीसद मतदान हुआ।

## एमसीडी एग्जिट पोल: भाजपा गई, आप आई

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर (वार्ता)।** राजधानी दिल्ली में रविवार को हुए एमसीडी चुनाव के बाद एग्जिट पोल के नतीजे आए, इनमें भाजपा की सत्ता से विदाई और आप को बहुमत का इशारा आंकड़ों के साथ दिया गया है। इंडिया न्यूज जन की बात का एग्जिट पोल में भाजपा - 70 से 92, आप-150 से 175, कांग्रेस- 7 से 4 और अन्य-1 सीट। टाइम्स नाऊ ईटीजी का एग्जिट पोल इस प्रकार रहा, भाजपाः 84-94, आपः 146-156, कांग्रेसः 6-10, अन्यः 0-4 सीट। इंडिया टुडे-एक्सिस के एग्जिट पोल में भाजपा-69 से 91 सीटें, आप-149 से 171 सीटें, कांग्रेस- 3 से सात सीटें दिखाई जा रही हैं।

## खतौली उपचुनाव-कैमरे की नजर से...

फोटो बुलेटिन





तीन पीढ़ियों का उत्साह....



उपचुनाव के दौरान खतौली नगर का बाजार पूर्णत: बंद रहा (बाएं), गांव भैंसी के एक बूथ पर पहली बार मतदान करने के बाद उत्साहित युवती अमिट स्याही दिखाते हुए तथा एक बूथ पर अपने परिवार की बुजुर्ग मतदाता को लोकतंत्र के इस पर्व के बीच मताधिकार का उपयोग करवाने के लिए पोलिंग बूथ की ओर ले जाते महिला व पुरुष।

## खास मुलाकात-बेबाक बात....









खतौली उपचुनाव में मतदान के दौरान पल-पल बदलती सियासी तस्वीर को जनता तक पहुंचाने के लिए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ जनता के बीच उनका मन टटोलते हुए, मतदान के लिए पहुंची युवतियों की वोट को परखती महिला पुलिसकर्मी और एक बूथ पर मतदान करने के लिए पहुंची महिला की वोट का मिलान कर पर्ची देतीं महिला कर्मचारी।

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा बीमारियों पर क्या है इंतजाम

### मच्छर जनित रोगों को लेकर मांगी रिपोर्ट

**प्रयागराज, 5 दिसंबर (वार्ता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के बारे में यूपी सरकार से जानकारी मांगी है। कोर्ट ने पूछा है कि मच्छरों के नियंत्रण के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं। कोर्ट ने इस संबंध में पूरी जानकारी मांगी है। स्वतः संज्ञान ली गई जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए जनवरी को तय की है।

इसके पहले सुनवाई शुरू होते हुए ही न्यायमित्र सुजीत कुमार की ओर से एक हलफनामा प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि यूपी सरकार की ओर से केंद्र सरकार को 31 अक्तूबर 2022 को रिपोर्ट भेजकर केवल एक मौत की जानकारी दी गई है। इसलिए केंद्र सरकार की ओर से इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर कोर्ट ने सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट पर कहा कि सात मौते हुई हैं।

न्यायमित्र की ओर से कहा गया कि 2016 में एक याचिका दाखिल हुई थी, उसी समय एक नियम लागू किया गया। जिसमें डेंगू, चिकनगुनिया, चिकनपाक्स, कालाजार की रोकथा और उपचार के लिए व्यवस्था बनाई गई लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से पूछा कि 2016 में जारी किए गए नियम के मुताबिक क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा है कि मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में फायर फाइटिंग टैंकों में भरे पानी में मच्छर रोकने के लिए क्या उपाय किए गए हैं।

## योगी सरकार ने पेश किया 33 हजार 769 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट

### सीएम योगी ने दी मुलायम को श्रद्धांजलि



**लखनऊ, 5 दिसंबर (वार्ता)।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र की सोमवार से शुरूआत हो गई है। पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहे। उनके निधन से भारतीय राजनीति के एक संघर्षशील युग का अंत हो गया। विधानसभा में योगी सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 33769.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में 14000 करोड़ की नई मांगें शामिल हैं। इससे पहले सदन में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और तीन पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई है। अनुपूरक बजट पेश किए जाने के बाद विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## कारोबारी सुगमता के लिए समाप्त किए जाएंगे 36 कानून

### मथुरा में यात्री सुविधा केंद्र बनाने का निर्णय

**लखनऊ, 5 दिसंबर (वार्ता)।** उपभोक्ताओं और व्यापारियों पर विनियामक अनुपालन भार कम करने और व्यापार की सुगमता के लिए 36 राज्य अधिनियम, 5 मूल अधिनियम और 31 संशोधन अधिनियम को समाप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली राज्य कैबिनेट की सोमवार को आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को विधानमंडल में पेश करने की मंजूरी दी गई। इस विधेयक में सातवें उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग की ओर से अप्रचलित एवं अनुपयोगी हो चुकी विधियों को समाप्त करने की संस्तुति की गई है। साथ ही नागरिकों एवं व्यवसाय पर विनियामक अनुपालन भार को कम करने एवं व्यापार में सुगमता के लिए पुराने अधिनियमों को निरस्त करने की संस्तुति की गई है। प्रदेश सरकार विधानमंडल के सत्र में इसके लिए विधेयक लेकर आएगी। यह पारित हुआ तो नागरिकों के साथ ही व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि 2017 से अब तक 813 चिन्हित अधिनियमों को विधायी प्रक्रिया के अनुसार निरस्त किया जा चुका है। साथ ही कैबिनेट में निर्णय हुआ कि मथुरा के नंदगांव में यात्री सुविधा केंद्र (टीएफसी) बनेगा। सोमवार को कैबिनेट बैठक में इसके लिए पर्यटन विभाग को निशुल्क जमीन हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस मामले में आवश्यकतानुसार अन्य निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत कर दिया गया है।

## छह दिसंबर पर मुस्लिम नहीं मनाएंगे यौम-ए-गम, साधु-संत भी करेंगे शौर्य दिवस से परहेज

### सभी बोले, अब इस तारीख को भूलाएंगे

**अयोध्या, 5 दिसंबर (वार्ता)।** छह दिसंबर की पूर्व संध्या पर सोमवार को रामनगरी हर रोज की दिनचर्या की ही तरह श्रद्धालुओं से गुलजार दिखी। मठ-मंदिरों में जयकारे गूंज रहे थे। कहीं कोई भय व तनाव का माहौल नहीं था। जगह-जगह विकास के काम चल रहे थे। मुस्लिम न तो यौम-ए-गम मनाने की तैयारी में दिखे न ही विहिप व साधु-संत शौर्य दिवस की बात कर रहे थे। हर वर्ग का कहना था कि इस तारीख को भूल जाना ही बेहतर है।

छह दिसंबर 1992 की तारीख दो समुदायों के बीच तल्खी का स्याह इतिहास बन गई थी। मुस्लिम समुदाय घरों-कारोबार, इबादत स्थलों पर काला झंडा लगाकर यौम-ए-गम का इजहार करता था। वहीं हिंदू समाज, विहिप व साधु-संत भी शौर्य दिवस मनाते थे। मंदिर के हक में फैसला आते ही और मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही अयोध्या अब विवाद को भूलकर सौहार्द की नई परिभाषा गढ़ती दिखती है। नयाघाट पर रामपथ निर्माण के लिए चौड़ीकरण का काम सोमवार को चलता दिखा। सुग्रीव किला से रामजन्मभूमि जाने वाले रामजन्मभूमि पथ के निर्माण का भी काम जोरों पर था।

सुग्रीव किला के पास मिले ज्योतिषी साकेत शरण बोले कि कभी मंदिर-मस्जिद विवाद के लिए अयोध्या जानी जाती रही, आज अयोध्या की नई पहचान बन रही है। मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी का वनवास खत्म और विकास का मार्ग शुरू हो चुका है। हनुमानगढ़ी में मिले संत मामा दास बोले कि अब शौर्य, न गम, बज सृजन ही धर्म...को अपनाने की जरूरत है। विवाद का काल और आज के काल की तुलना करके देख लीजिए फर्क आपको स्वयं महसूस होगा। विवाद के चलते यहां कोई आना नहीं चाहता था, आज पूरी दुनिया अयोध्या में उमड़ पड़ी है। पूर्व पार्षद असद ने कहा कि अब गम व गुस्से की जरूरत क्या है। नई अयोध्या में रोजगार की चाहत है। महताब अहमद ने कहा कि दुकानें क्यों बंद करेंगे, अब अयोध्या का गम दूर हो रहा है।

## अब्दुल्ला की एएसपी से --बहस , बोले- खास वर्ग के वोटरों को बूथ पर जाने से रोक रही पुलिस

**रामपुर, 5 दिसंबर (वार्ता)।** सपा विधायक अब्दुल्ला आजम ने कहा है कि रामपुर में चुनाव नहीं, धांधली हुई है। अगर ऐसा ही करना है तो फिर चुनाव क्यों करवाया। हम तो पहले से कह रहे थे कि दे दीजिए जीत का सर्टिफिकेट। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने नहीं दिया गया। एक खास वर्ग के लोगों के मोहल्लों में पुलिस का पहरा बैठा दिया गया था। पुलिस ने किसी को घर से बाहर कहां निकलने दिया है। जिसने निकलने की कोशिश की है उसको बहुत मारा है।

सपा ने ट्विटर के जरिए ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सत्ता का जितना दुरुपयोग कर ले, जीतेगी सपा ही। मैनपुरी, खतौली और रामपुर में भाजपा और प्रशासन की मिलीभगत और बेईमानी के बावजूद हर क्षेत्र में सपा आगे है। सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और भाजपा का सफाया करें। रामपुर में भाजपा के लोगों ने सपा के बूथ पर तोड़फोड़ और गुंडागर्दी की। सवाल पूछने पर सीओ साहब भाग खड़े हुए। मामले का संज्ञान ले चुनाव आयोग, आरोपी भाजपा नेता पर हो कार्रवाई। ऐसे पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड किया जाए। रजा डिग्री कॉलेज के बूथ पर वोट डालने पहुंचने अब्दुल्ला ने कहा कि अभी तक पोलिंग के जो आंकड़े हैं वो तो बहुत हैं। अधिकारियों को डांट पड़ जाएगी इतनी पोलिंग क्यों हो गई।

### भाजपा के बूथ अध्यक्ष को पीटा, पर्चियां फाड़ीं

**मैनपुरी, 5 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी के किशनी क्षेत्र में गांव उजागरपुर में मतदान के दौरान पोलिंग बूथ पर भाजपा के बूथ अध्यक्ष की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। गाली गलौज करते हुए पर्ची छीनकर फाड़ दीं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भाजपा के बूथ अध्यक्ष रामसहाय शाक्य निवासी उजागरपुर ने बताया कि वह अपने लोगों को पार्टी द्वारा दी गई पर्चियां बांट रहा था, तभी विवेक यादव, नतिमा यादव, नीशू यादव ने आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

## शादीशुदा बेटी को मिल सकती है पिता की नौकरी

**बड़ा फैसला...** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-विवाह होने के बाद भी बेटी मायके का ही हिस्सा

### मृतक आश्रित कोटे से नौकरी के मामले में आया आदेश

### कोर्ट ने मेरठ सीएमओ का फैसला बदलते हुए दी राहत



**पिता की मौत होने के बाद बेटी ने किया था नौकरी देने का आग्रह, सीएमओ ने कर दी थी मांग खारिज**

**प्रयागराज, 5 दिसंबर (वार्ता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि शादीशुदा होने के बाद भी बेटी मायके के परिवार का हिस्सा है। मृतक आश्रित कोटे से नौकरी के एक मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ये कहा है। कोर्ट ने कहा कि पिता की मौत के बाद शादीशुदा बेटी भी उनकी नौकरी पाने की हकदार है।

कोर्ट ने मेरठ के सीएमओ के फैसलों को नकार दिया है। जिसमें उन्होंने कहा था कि बेटी को शादी के बाद मायके के परिवार में नहीं गिना जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने सीएमओ के आदेश को पलटते हुए कहा कि अब सोच बदलने का समय है। शादीशुदा बेटी भी परिवार की परिभाषा में आती है। इस आधार पर मृतक आश्रित कोटे के तहत पिता की जगह पर शादीशुदा बेटी को भी नौकरी दी जा सकती है। हाईकोर्ट ने यह आदेश मेरठ के जे ब्लॉक कॉलोनी में रहने वाली अरुणा की याचिका पर दिया है। अरुणा ने चीफ मेडिकल ऑफिसर के 11 दिसंबर 2018 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें सीएमओ ने मृतक आश्रित कोटे में पिता की जगह अरुणा को नौकरी देने से मना कर दिया था। अरुणा के पिता की मौत 4 जुलाई, 2018 को हुई थी। उनकी बेटी ने पूरे परिवार की तरफ से मेरठ के सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों को नौकरी की एप्लीकेशन दी थी। जिसमें लिखा था कि पिता के बाद घर की सारी जिम्मेदारी मुझ पर आ गई है। जिस वजह से ये नौकरी मुझे दे दी जाए। जिसे अधिकारियों ने मानने से मना कर दिया और अरुणा को नौकरी नहीं दी। जज विक्रम डी चौहान ने अपने फैसले में कहा कि नौकरी से मना कर सरकारी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों ने संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने उटड के आदेश को खत्म करते हुए अरुणा को उसके पिता श्यामलाल की जगह नौकरी देने का आदेश दिया है।

मृतक आश्रित कोटे में किसी कर्मचारी की मौत के 5 साल के अंदर उनके किसी भी परिवार के सदस्य को नौकरी दी जा सकती है। यूपी सरकार ने इसे लेकर कई आदेश दिए है। जिसमें बताया गया है कि पिता के मरने के बाद बेटा या बेटी को 5 साल के अंदर नौकरी मिल सकती है।

सौरासिस
32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज
• एलर्जी • सफेद दाग
• पित्ती उछलना • खाल खुजली
डा० जगदीश गर्ग
163, चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल)
महावीर चौक रोड, मुज़फ्फरनगर

★ जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★ नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★ वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।
मिलने का समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
Mob.: 9410064040
रविवार अवकाश
नोट : शराब छुड़ाने की दवाई दी जाती है।
रोगी को लाने व बतलाने की आवश्यकता नहीं।

### अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 दिसंबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 53,700 चांदी-65,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 40,000

### आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022**

**मेष-** दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, यात्रा।

**वृषभ-** आज दिन 3/03 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, समय सफलता में सहायक, लाभ, धर्म अध्यात्म में आस्था।

**मिथुन-** आज दिन 3/03 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, व्यापार में हानि।

**कर्क-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख।

**सिंह-** प्रगति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सार्थक।

**कन्या-** आज दिन 3/03 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, उन्नतिकारक, सम्बन्धों में मधुरता, आृथक उन्नति का प्रयास।

**तुला-** आज दिन 3/03 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, मानसिक राहत।

**धनु-** कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुखशांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर उपस्थित।

**मकर-** आज दिन 3/03 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी, शेष समय में निराशाजनक, मित्रों से गलतफहमी दूर।

**कुम्भ-**आज दिन 3/03 बजे तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

**मीन-** समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, व्यय की अधिकता, आमोद प्रमोद की ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## बजट पर वित्त मंत्री को पत्र

केंद्रीय बजट 2023-24 से पहले पंजाब के पटियाला स्थित द इकोनॉमिस्ट्स फॉर पब्लिक इंटरेस्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। अर्थशास्त्रियों ने पंजाब के विकास की गति को पुनर्जीवित करने के लिए आर्थिक पैकेज की मांग भी की है और कई सुझाव भी दिए हैं। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि भारत का एक रणनीतिक राज्य है पंजाब, अर्थशास्त्रियों ने कई कारण गिनाए कि पंजाब को आर्थिक पैकेज क्यों मिलना चाहिए। प्रोफेसर लखविंदर सिंह, प्रोफेसर सुखविंदर सिंह और प्रोफेसर केसर सिंह भंगु, जो इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ता हैं, उन्होंने लिखा कि पंजाब देश को खाद्य और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रदान करने के मामले में भारत का एक रणनीतिक राज्य है। अर्थशास्त्रियों ने पत्र में कहा कि पंजाब ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी उपयोगिता साबित की है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार पंजाब राज्य ने 2021-22 में 3,05,126.3 करोड़ रुपये का कर्ज जमा किया है। यह मार्च 2022 के अंत में सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 53.3 प्रतिशत बनता है। पत्र में लिखा, ऋण की स्थिरता के कारण भारत के तेरहवें वित्त आयोग ने पंजाब राज्य को ऋणग्रस्त राज्य की श्रेणी में डाल दिया है और एक ऐसे वित्तीय पैकेज की सिफारिश की है, जिसे कभी महसूस नहीं किया गया। अब पंजाब 'ऋण संकटग्रस्त' राज्य से 'कर्ज में फंसे' राज्य में परिवर्तित हो गया है। इसने पंजाब में निजी निवेश पर भी ब्रेक लगाया है। नतीजतन इसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की वृद्धि भी धीमी हुई है। इसके अलावा दुनिया भर के 51 अर्थशास्त्रियों ने वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण को खुला पत्र लिखा है। इस पत्र का अर्थशास्त्रियों और राजनीतिज्ञों में काफी चर्चा है इस पत्र में सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और मां बनने के बाद महिलाओं को उचित लाभ दिए जाने और इसके लिए बजट में राशि आवंटित करने की मांग की गयी है। अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि वो इससे पहले 20 दिसंबर 2017 और 21 दिसंबर 2018 को भी इस संबंध में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली को चिट्ठी लिख चुके हैं, लेकिन उनके प्रस्तावों पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। चिट्ठी में कहा गया है कि सरकार अभी वृद्धों को राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत सिर्फ 200 रुपये प्रतिमाह का भुगतान करती है। ये राशि साल 2006 से बढ़ाई नहीं गई है। इसे बढ़ाकर 500 रुपये या उससे अधिक करना चाहिए। सरकार फिलहाल 2.1 करोड़ लोगों को पेंशन देती है। नई व्यवस्था लागू करने के लिए इसके लिए सरकार को बजट में 7 हजार 560 करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटित करने होंगे। विधवा पेंशन को भी 300 से बढ़ाकर 500 रुपये करने की मांग की गई है। इस पर 1560 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च होगा। इस पत्र में ये भी कहा गया है कि साल 2013 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत महिलाओं को मां बनने पर 6000 रुपये दिए जाने का प्रावधान था, लेकिन केंद्र सरकार ने कई सालों तक इस पर कोई कदम नहीं उठाया। साल 2017 में इस संबंध में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना लाई गई। हालांकि, इसके लिए बजट में कभी भी अढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक आवंटित नहीं किए गए। ये राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के मानदंडों के अनुसार जरूरी बजट का एक तिहाई भी नहीं है। ये अपने आप में कानून का उल्लंघन है। इस योजना के तहत एक महिला को हर बच्चे पर सिर्फ 5000 रुपये ही मिलते हैं। साल 2023-24 के केंद्रीय बजट में खाद्य सुरक्षा कानून के तहत जिन मातृत्व लाभों को जरूरी बताया गया है, वो सब लागू होने चाहिए। इसके लिए बजट में 8 हजार करोड़ रुपये का आवंटन करना होगा। भारत की अर्थव्यवस्था प्रगति पर है, विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने इस मामले में अच्छी भविष्यवणियां की हैं। कई उद्योगपतियों का भी यही विचार है ऐसे में वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण इन अर्थशास्त्रियों की बातों पर विचार कर भी सकती हैं। अर्थव्यवस्था पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत 2047 तक 3 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 40 ट्रिलियन डॉलर यानी 40 लाख करोड़ डॉलर की इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। इसके साथ ही भारत दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी वाले देशों में भी शामिल होगा। क्लीन एनर्जी रेवॉल्यूशन और डिजिटलाइजेशन इसे ड्राइव करेंगे। देश की अर्थव्यवस्था के लिए मुकेश अंबानी का अनुमान, एशिया के सबसे अमीर आदमी गौतम अडाणी की तुलना में अधिक आशावादी है। अडाणी ने कहा था कि 2050 तक बढ़ती खपत और सामाजिक आर्थिक सुधारों से भारत 30-ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। भारत फिलहाल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा देश है। मुकेश अंबानी ने कहा कि तीन गेम चेंजिंग रेवोल्यूशन आने वाले दशकों में भारत की ग्रोथ को कंट्रोल करेंगे। पहला क्लीन एनर्जी, दूसरा बायो एनर्जी और तीसरा डिजिटल रेवोल्यूशन। उन्होंने कहा, एक साथ इन तीन तरीकों से जीवन अकल्पनीय रूप से बदल जाएगा। क्लीन एनर्जी रेवोल्यूशन और बायो एनर्जी रेवोल्यूशन स्थायी रूप से एनर्जी प्रोड्यूस करेगी। डिजिटल रेवोल्यूशन हमें कुशलता से एनर्जी को कंज्यूम करने में सक्षम बनाएगी। तीनों रेवोल्यूशन मिलकर भारत और हमारे खूबसूरत प्लेनेट को जलवायु संकट से बचाएंगे। अंबानी ने कहा, भारत के भविष्य के लीडर्स के रूप में आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश ग्लोबल क्लीन और ग्रीन एनर्जी रेवोल्यूशन का नेतृत्व करें। इस मिशन में सफलता प्राप्त करने के 3 मंत्र हैं थिंक बिग, थिंक ग्रीन और थिंक डिजिटल। मुकेश अंबानी ने और बड़ी बात भी कही। मुकेश अंबानी ने छात्रों को सलाह दी कि 4 जी और 5 जी के युग में माताजी और पिता जी से बड़ा कोई भी जी नहीं है। उन्होंने छात्रों से कहा आजकल हर युवा 4 जी और 5जी को लेकर उत्साहित है, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि इस दुनिया में 'माता जी और पिता जी' से बड़ा कोई जी नहीं है। वे ताकत और सपोर्ट के लिए आपके सबसे भरोसेमंद पिलर थे हैं और रहेंगे।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"देश" "कोम" "मीर" "काव्य"

देश से पहले जिन्हें है दर्द अपनी कोम का,  
मीर का ये सिलसिला उनके भला किस काम का।  
वो जिन्हें बकवास ही में काव्य लगता हो यहाँ,  
शायरी का मशवरा उनके भला किस काम का।



-देर रात तक नवीन मंडी स्थल पर ईवीएम मशीनें जमा करने का कार्य चलता रहा।

## जीएसटी और राज्य कर विभाग ने चलाया अभियान

### -कई दुकानों पर पहुंचकर जांच की

कैराना, 5 दिसम्बर (बु.)। सहारनपुर से आयी जीएसटी व राज्य कर विभाग की टीमों ने कस्बे में अभियान चला कर कई दुकानों पर पहुंचकर जांच की। देर शाम तक टीम कस्बे में मौजूद रही। सोमवार को सहारनपुर से जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अवधेश कुमार चतुर्वेदी व राज्य कर विभाग के कर अधिकारी योगेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ कैराना में कांधला तिराहे पर पहुचें। यहा पर टीम ने कई दुकानों पर पहुंच कर जीएसटी से संबधित जांच की और दुकानदारों के ब्यान दर्ज किए। जीएसटी के अधिकारी ने बताया कि कुछ शिकायतों पर जांच की जा रही है। जांच पुरी होने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जायेगी। वही देर शाम तक टीम कस्बे में मौजूद रही।




## ओबीसी वर्ग न आने पर रालोद नेत्री करेंगी कोर्ट का रुख

### -27 साल से चल रही सामान्य महिला व पुरुष

बुढ़ाना, 05 दिसम्बर (बुस.)। बीते सन 1995 से लेकर अब तक भी बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण पिछड़े वर्ग या एससी-एसटी वर्ग में ना आने पर आज एक बार फिर अनारक्षित वर्ग में सीट फाइनल होने की दशा में रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी भाजपा शासन से बहुत ही खफा नजर आई। उन्होंने सोमवार की देर शाम इलाहाबाद के वरिष्ठ एडवोकेट अंकुर सक्सेना से फोन पर बात कर उनको बताया कि लगभग 27 साल से एक बार भी बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सीट का आरक्षण पिछड़े वर्ग या एससी एसटी वर्ग में नहीं आया है, जिसको लेकर उनकी याचिका हाईकोर्ट में दायर करवाई जाए, ताकि पिछड़े वर्ग या एससी एसटी वर्ग के व्यक्ति को भी नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का मौका मिल सके, जिस पर उनके अधिवक्ता अंकुर सक्सेना ने इस संबंध में उनसे फोन पर डाक्यूमेंट्स सैंड करवाकर मंगलवार के दिन हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने बीते माह अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया था कि अगर इस बार भी बुढ़ाना सीट का आरक्षण पिछड़े वर्ग या एससी-एसटी वर्ग में ना आया, तो वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर होंगी। अब इस दशा में आज अनारक्षित वर्ग का आरक्षण आने पर रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस , संबंध में जब जानकारों से बात हुई तो वे बताते हैं कि बीते सन 1995 से निकाय चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था लागू हुई थी, जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर आरक्षण कभी भी एससी एसटी या पिछड़े वर्ग में नहीं आया है। बस या तो सामान्य महिला आई है या फिर सामान्य पुरुष। इसी को आधार बनाकर रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कह रही हैं। वे इस संबंध में मंगलवार के दिन ही मुजफ्फरनगर डीएम चंद्र भूषण सिंह से भी मिलेंगी और उनसे आरक्षण को बदलवाने की मांग उठाएंगी।



## स्वयं सेविकाओं ने की स्वतंत्रता संग्राम शहीद व सेनानी स्मारक की सफाई

### -अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने किया आयोजन

भोपा, 05 दिसम्बर (बु.)। नेहरू युवा केंद्र से जुड़ी स्वयं सेविकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर ब्लॉक मुख्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की तथा स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। इस दौरान स्वयं सेवकों से साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रीति पाल, राजकुमारी, कोमल, मीनाक्षी, छाया, मोनिका, शिवानी, कामिनी, करीना, शिखा, चंदा आदि कई दर्जन स्वयं सेविकाएं ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंची तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। समापन पर दीया सामाजिक संस्था के सचिव अमित कुमार ने कहा कि साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है और इससे बचाव का अचूक हथियार जागरूकता ही है इसलिए हमें दूसरों को जागरूक करना है। किसी को भी अपनी पर्सनल जानकारी बिल्कुल नहीं देना है। किसी ओटीपी या बैंक डिटेल, पासवर्ड आदि किसी को भी बिल्कुल नहीं बताना है। मुख्य अतिथि ग्राम सुधार सेवा समिति के अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ समाज सेवा के कार्यों में महती भूमिका निभानी चाहिए। युवाओं को गांव गांव में राष्ट्रीय कार्यक्रम मतदाता जागरूकता, टीकाकरण, पौधारोपण, जनसंख्या नियंत्रण आदि कार्यक्रमों की जागरूकता में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में दुर्गेश शर्मा, प्रिया पाल, बबीता पाल, मुस्कान, मनस्वी आदि मौजूद रहे।



फोटो बुलेटिन — मोरना ब्लॉक मुख्यालय पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद स्मारक की सफाई करती स्वयं सेविकाएं।

## बिना प्रशासनिक आदेशों के आवास तोड़े जाने का आरोप

शामली, 5 दिसम्बर (बु.)। बाबरी क्षेत्र के गांव सोंटा निवासी एक महिला ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर प्रधान पर 30 वर्ष पुराने आवास को बिना प्रशासनिक आदेशों के तोड़े जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

बाबरी क्षेत्र के गांव सोंटा निवासी सतबीरी पत्नी राजू कश्यप ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसका मकान तालाब किनारे बना हुआ है, जिसका कुछ हिस्सा ग्राम प्रधान मुकेश व उसके पुत्रों सुमित व मनीष ने अपने साथियों के साथ मिलकर बिना प्रशासनिक आदेशों के तोड़ दिया है। आरोप लगाया कि गांव प्रधान मुख्यमंत्री के गरीबों की छत न तोड़ने के आदेशों को दरकिनार करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को गुमराह कर तोड़ने पर आमादा है, जब विरोध किया जाता है, तो प्रधान जान से मारने व गांव से भगा देने की धमकी देता है। महिला का यह भी आरोप है कि मकान को तोड़ते समय घर में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। महिला ने एसडीएम से जांच कर कार्यवाही कराने की मांग की है।

## किसान मजदूर भारतीय संगठन का जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर धरना

शामली, 5 दिसम्बर (बु.)। किसान मजदूर भारतीय संगठन के पदाधिकारियों किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने बकाया गन्ना भुगतान व शुगर मिल का गन्ना पेराई कार्य सुचारू रूप से संचालन करने की मांग की। सोमवार को किसान मजदूर भारतीय संगठन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष कुलदीप पंवार के नेतृत्व में डीसीओ कार्यालय पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों की समस्याएं लगातार उठाई जा रही है, लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। वर्तमान सत्र का गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया और न ही पिछले सत्र का गन्ना भुगतान अभी तक किया गया है। शुगर मिल शामली का गन्ना पेराई कार्य समय से घोषित नहीं हो पाने से गेंहू बुआई में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। बाद में उन्होंने डीसीओ को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। इस अवसर पर महासचिव मास्टर जाहिद, विनोद निर्वाल, जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, आशु चौधरी, शोएब, मुरसलीन, मनोज पुंडीर, तसव्वर, आमिर अली, वाकिब, अजीत निर्वाल, अकरम चौहान ओमबीर पटवारी, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम **MOHD IZHAR KHAN** उर्फ **IZHAR KHAN** से बदलकर **IZHAR ALI** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम **IZHAR ALI** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**IZHAR ALI**
**S/o IQTDAR KHAN**
ADD. : 62, SULTANPUR UMARPUR, MUZAFFARNAGAR

## अवैध वसूली करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

शामली, 5 दिसम्बर (बु.)। थानाभवन के मौहल्ला कस्सावान निवासी मीट विक्रेता ने एक युवक पर अवैध वसूली न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। सोमवार को थानाभवन के मौहल्ला कस्सावान निवासी मीट विक्रेता शहनवाज ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि दुकान के पास में अहसान पुत्र साजिद का निवास स्थान है, जिस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अहसान द्वारा लगातार 3 हजार रुपए महीना वसूला जा रहे हैं, लेकिन अब 5 हजार रुपए महीना की मांग की जा रही है। मीट विक्रेता का आरोप है कि अवैध वसूली न देने पर युवक द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले में जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निकाय चुनाव को लेकर भोपा पुलिस हुई हाई अलर्ट

### -हजारों नागरिकों को किया मुचलका पाबंद, बनाई कड़ी नजर

भोपा, 05 दिसम्बर (बु.)। नगर निकाय चुनाव के वार्ड आरक्षण की सूची जारी होने के बाद अब नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण का इंतजार बेसब्री के साथ किया जा रहा है। वहीं चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गयी है, जिसके चलते कस्बा भोकरहेडी में अब तक हजारों व्यक्तियों को शान्ति भंग की आशंका को लेकर मुचलके के तहत पाबन्द किया गया है तथा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है। नगर पंचायत भोकरहेड़ी में सातवें निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेजी से बढ़ने लगी हैं। नगर के 13 वार्डो के आरक्षण सूची जारी होने के बाद संभावित सभासद प्रत्याशियों में सुगबुगाहट होने लगी है।13 वार्डो के मतदान के लिए 16 बूथ बनाये गये हैं। नगर में सात मतदान केन्द्रों की स्थापना की गयी हैं। जहां नगर के 15341 मतदाताओं के लिए मतदान की व्यवस्था की गयी है। कलालान, लोकुपुरा दक्षिणी व सुभाष चौक वार्ड के लिए दो-दो बूथ बनाये गये हैं। हरिजन चौक, सेठपुरी के लिए दो बूथ बस स्टैण्ड के पास अम्बेडकर भवन, कलालान के दो बूथ इंटर कॉलेज भोकरहेडी के कमरा नं. 3 व 4, पठानान पूर्वी इंटर कॉलेज कमरा नं. 1, नई बस्ती व कुआंपट्टी दक्षिणी प्राथमिक विद्यालय नं. 5, बाजार प्राथमिक विद्यालय नं. 1, लोकुपुरा उत्तरी प्राथमिक विद्यालय नं0 2, लोकुपुरा दक्षिणी के दोनों बूथ उच्च प्राथमिक विद्यालय, सुभाष चौक के दोनों बूथ इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी के कमरा नं. 5 व 6, कुआंपट्टी उत्तरी व पठानान पश्चिमी प्राथमिक विद्यालय नं. 3, नेहरू चौक इंटर कॉलेज कमरा नं. 7 में बनाये गये हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर भोपा पुलिस भी सतर्क हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि अब तक 1175 व्यक्तियों को मुचलका पाबन्द किया गया है। इसके अलावा जिला बदर, गुंडा एक्ट तथा अवैध शराब की बिक्री में शामिल रहे व्यक्तियों सहित हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई में शामिल रहे व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। भोकरहेडी में 151 शस्त्र हैं, जिनमें 48 शस्त्र थाने पर जमा हो चुके हैं। शेष शस्त्रों को थाने पर जमा कराने की प्रक्रिया जारी है। शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। संभावित में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार, कैप्टन ज्ञानेन्द्र सिंह, अजय कुमार, डॉ. वीरपाल सहरावत, जोगेन्द्र वर्मा, रविदत्त, डॉ. अलीशेर अंसारी, अश्वनी सहरावत, चांद खां, काजी मुमताज, रमेशचन्द, मनोज कुमार, कल्लू, सिन्दू वाल्मीकि, रविन्द्र वाल्मीकि, इच्छित गालियान, महिपाल वाल्मीकि आदि नाम चचाओं में हैं।






## पानीपत में ऑटो व कार की भिडंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

पानीपत, 5 दिसम्बर (वार्त)। हरियाणा के पानीपत में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से ऑटो पलट गया। उसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया है। मामले की शिकायत मृतक के भाई ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ क्ढव की धारा 279, 337, 338 व 304अ के तहत केस दर्ज कर लिया है। सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में सचिन ने बताया कि वह गांव मवी, कैराना, जिला शामली, वढ का रहने वाला है। वे तीन भाई व एक बहन है। तीनों भाई सब्जी की खेती करते हैं। 3 दिसंबर की शाम 7 बजे वह अपने बड़े भाई अरविंद (26) और अपने दोस्त इदरीश के साथ अपने ऑटो में सवार होकर किसी काम से पानीपत के गांव रामड़ा आए थे। जब वे वापस घर जाने लगे तो रास्ते में वह ऑटो से नीचे उतरकर किसी के आने का इंतजार करने लगा। उसका भाई अरविंद व दोस्त इदरीश ऑटो लेकर रोड क्रॉस करने लगे। इसी दौरान वहां यमुना की ओर से एक तेज रफ्तार कार चालक आया। जिसने सीधे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया। ऑटो में सवार दोनों को काफी गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद कार चालक रूका। सचिन दोनों घायलों को संभालने लगा, इसी बीच कार चालक मौके से फरार हो गया। एक निजी वाहन में दोनों घायलों को पानीपत के निजी अस्पताल लेकर गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया। दोनों घायलों को अलग-अलग निजी अस्पतालों में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल दोस्त अस्पताल में उपचाराधीन है।

## एसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

कैराना, 5 दिसम्बर (बु.)। अयोध्या विवाद की बरसी से पूर्व एसपी ने पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। 6 दिसम्बर अयोध्या विवाद की बरसी से पूर्व सोमवार शाम एसपी अभिषेक झा ने पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ कस्बे के शामली स्टैण्ड, बेमपुरा बाजार, चौक बाजार, जोडिया कुआ, सराफा बाजार, पुराना बाजारा, जामा मस्जिद, मीना मार्किट, पट्टो वाला आदि में पैदल मार्च किया। एसपी ने बाजारों में व्यापारियो से बात करके सुरक्षा के मुद्दे पर जानकारी ली।

## जल जीवन मिशन के प्रति जागरूकता अभियान

पुरकाजी, 5 दिसम्बर (बु.)। विकास खण्ड पुरकाजी की ग्राम पंचायत लखनौती पुरकाजी देहात में मेहाप एंड केयर फाउडेशन द्वारा जल जीवन मिशन पर विस्तार से जानकारी देते हेतु ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जल ही जीवन है जल के बिना मनुष्य जीवित नहीं रह सकता। जल संचय के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन कर लोगों को उनकी जिम्मेदारी एवं देखरेख के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा शुद्ध पानी पीने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। पानी की गुणवत्ता के बारे में बनी समिति में ग्यारह महिलों एवं पुरूषों को रखा गया। बैठक में ग्राम प्रधान चौधरी रविन्द्र कुमार, सचिव विक्रांत कुमार, वसीम अहमद, प्रिंस चैधरी, हिना चैधरी, बुशरा गिन्ना, सरताज अहमद, जोगिन्द्र सिंह, रेखा, पूनम चैधरी, सरताज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि., सहारनपुर**

पत्रांक : 7820/28एम.एस. – एस.वृत्त/22 दिनांक : 29 – नवम्बर – 2022

*ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)*

महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से लो.नि.वि. मे आर्थराइज्ड रजिस्टर्ड फर्म से दिनांक 09.12.2022 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 15.12.2022 को अपराह्न 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 15.12.2022 को अपराह्न 12:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के लिए कार्यालय कक्ष में उपस्थित रजिस्टर्ड फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि एवं समय http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी जायेगी। शासनादेश सं. 317/तेईस-7-2018-176सा./2006टी.सी.-1 दिनांक 10.04.2019 के अन्तर्गत निविदा सूचना में अंकित तालिका के कॉलम 5 में अंकित धरोहर धनराशि एवं कॉलम 7 में प्रदर्शित निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित ऑनलाईन (E-Banking द्वारा) जमा कराना अनिवार्य होगा। कार्यालय बंद होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | |
| 1 | मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर पचेण्डा दतियाना मार्ग पर बी.सी. से नवीनीकरण का कार्य किमी. 1, 2, 3 | 67.40 | 5.37 | 01 माह | 2000+300+414 =2714.00 | मार्ग श्रेणी ए. बी.सी. |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

फर्म/ठेकेदारों को शासनादेश सं. 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

*अधिशासी अभियंता*
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि. मुजफ्फरनगर

*अधीक्षण अभियंता*
सहारनपुर वृत्त, लो.नि.वि. मुजफ्फरनगर

upinformation@nic.in, www.upidadv.gov.in आर.ओ. संख्या – 182512 सू. एवं ज.सं.वि. – (विज्ञापन वर्गीकृत) दिनांक – 02/12/2022

## खतौली क्षेत्र में रहा वाहनों का टोटा

### - पुलिस की सख्ती का चारों ओर दिखाई दिया असर

मुजफ्फरनगर, 05 दिसम्बर (बु.)। खतौली उपचुनाव की शुरू प्रक्रिया के बीच सोमवार को क्षेत्र में बसों की किल्लत से क्षेत्र के लोग पूरे दिन परेशान रहे। हालांकि निर्वाचन आयोग के निदेशों के चलते सोमवार को खतौली विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के साथ तमाम उद्योग, दंगे और निजी प्रतिष्ठान बन्द रहे, लेकिन इसी बीच जरूरी कामों से निकले लोगों के साथ जनपदों और गैर प्रान्तों से आये यात्रियों को कस्बे और इससे सटे गांवो में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी बीच पुलिस की सख्ती के कारण जाने वाले लोगों को भी पुलिस की जांच पड़ताल के बीच आगे बढ़ना पड़ा। वहीं मटरगस्ती के लिए निकले वाहन चालकों को पुलिस के डंडों का स्वाद भी चखना पड़ा। सोमवार को राज्य सूचना आयोग के निदेर्शों के चलते जिला प्रशासन की खतौली विधानसभा उपचुनाव के बीच कस्बा खतौली और जानसठ के बीच इससे जुड़े सम्पर्क मार्गो पर चारों ओर दिखायी दिया। पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते जरूरतमंद, दिव्यांग और बुजुर्ग महिलाओं के लिए जहां मतदान केन्द्र तक निजी वाहनों को ले जाने की स्थानीय स्तर पर छूट रही। वहीं दूसरी ओर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर प्राईवेट निजी एवं डग्गा मार्ग वाहनों पर पुलिस का डंडा भारी रहा। ऐसे हालातों में घरों से निकले बड़ी संख्या में लोगों को गंतव्यत तक जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर निकले वाहनों को विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद ही जाने की अनुमति दी। इसी बीच मुख्य मांर्गो पर पोलिंग बूथ के आसापास जाने वालें लोंगों की संगन तलाशी ली।



सारी बस चुनाव में लगा दी कै एक आद तो छोड़ देत्ते

फोटो बुलेटिन — खतौली उपचुनाव के चलते बसें न मिलने के कारण यात्री परेशान हुए।

# वोटों के बंटवारे से भाजपा में धकधक

**▸ खतौली उपचुनाव के सीधे मुकाबले में भाजपा की मुश्किल बढ़ाने वाला है मतों का विभाजन ▸ भाजपा के परम्परागत मतों में भी रालोद उम्मीदवार ने की है सेंधमारी**

-राकेश शर्मा-

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में जनता जनार्दन का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है, लेकिन मतदान के दौरान सीधे मुकाबले में मतों में जो बंटवारा नजर आया है, वो कई मायने में भाजपा की मुश्किल बढ़ाने वाला है। रालोद उम्मीदवार ने कई क्षेत्रों में भाजपा की परम्परागत वोटों में भी सेंधमारी की है, जो भाजपा उम्मीदवार के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। नतीजा क्या होगा यह तो आठ दिसंबर को ही पता लग पायेगा।

दंगों के बाद से भाजपा के लिए अजेय माने जाने वाली खतौली विधानसभा सीट के उपचुनाव में सत्तारुढ़ दल ने जिस तरह पूरी ताकत -ौंकी, मतदान के दौरान उसका आशातीत परिणाम देखने को नहीं मिला। वैसे तो भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी और रालोद सपा गठबंधन उम्मीदवार मदन भैया ने अपने अपने गढ़ में अच्छे खासे वोट पाये हैं, लेकिन कई ऐसे वर्ग के मतों में विभाजन देखने को मिला जो भाजपा के परम्परागत वोट माने जाते रहे हैं। खतौली चुनाव में वोट बैंक से ज्यादा दलित, गुर्जर, त्यागी और जाट बिरादरी के मतों को लेकर दोनों दलों के उम्मीदवारों में बहस देखने को मिली। कई इलाकों में दलित वोट बैंक पूरी तरह बंटता नजर आया। खास तौर से युवाओं में आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर आजाद का जादू सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। भाजपा ने भी दलित वोट बैंक पर डोरा डालने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रखी थी। कितने वोट बंटे और किसके खाते में गए यह तो ईवीएम खुलने पर ही पता चल पायेगा। दूसरा त्यागी समाज के मतों में भी रालोद सेंधमारी करने में कामयाब रही है। बीते कई चुनाव से त्यागी समाज भाजपा को समर्थन करता रहा है। नोएडा के श्रीकांत त्यागी प्रकरण के बाद से त्यागी समाज में भाजपा के प्रति खिलाफ जो विरोध के स्वर उभरे थे, उसका भी असर देखने को मिला है। खुद श्रीकांत त्यागी बीते 10-12 दिनों से खतौली विधानसभा में डेरा डालकर अपने समाज के लोगों की गोलबंदी में जुटे हुए थे। सजातीय उम्मीदवार होने के कारण गुर्जर समाज का मदन भैया को व्यापक स्तर पर समर्थन मिला है। इसी तरह जाट बिरादरी के मतों में भी बंटवारा हुआ है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के उपचुनाव में घर-घर जाकर पर्ची बांटने के कारण इस बार उनका मतदाताओं से सीधा जुड़ाव हुआ है। खासतौर से युवाओं में उनको लेकर खासा क्रेज देखने को मिला है। जाट मतों को साधने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल यहां डटे रहे। ये नेता जाटों का कितना वोट भाजपा उम्मीदवार को दिला पाये अभी यह कहना मुमकिन नहीं है, लेकिन इतना तय है कि जाटों ने किसी भी स्तर पर जयंत चौधरी के घर-घर जाने की लाज को लांघने का काम भी नहीं किया है। अब किसके हिस्से में जाट मतों की चौधराहट देखने को मिलेगी, यह परिणाम का दिन तय करेगा। किसी भी सियासी बिसात पर अपने बूथ प्रबंधन के लिए बेजोड़ व्यवस्था के लिए पहचान बनाने वाली भाजपा खतौली उपचुनाव में बूथ प्रबंधन देने में नाकाम नजर आई है। खतौली विधानसभा क्षेत्र के काफी बूथ ऐसे थे, जहां पर भाजपा का बस्ता रखने वाला कोई भी दूर तक नजर नहीं आ रहा था। इसका एक प्रमुख कारण पार्टी में विक्रम सैनी के परिवार को ही टिकट दिये जाने पर चल रहा अंदरूनी आक्रोश और भीतरघात भी रहा। भले ही ऊपरी तौर पर वो पार्टी के साथ खड़े नजर आये हों, लेकिन वोटों का विभाजन अलग ही कहानी बयां कर रहा था। खतौली सीट का गांव हो या शहर हर बूथ पर भाजपा के कमल के साथ मदन भैया का नल भी कदमताल करता नजर आ रहा था। चुनाव परिणाम क्या होगा, यह तो अभी पूरी तरह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन वोटिंग के रू-ाान ने जो संकेत दिये हैं, वह कहीं न कहीं भाजपा के लिए मुश्किल पैदा करने वाले साबित हो सकते हैं। एक बात और है कि जिस तरह मतदान का प्रतिशत पहले के मुकाबले नीचे आया है, वो निश्चित रूप से हार-जीत के अंतर को भी कम करेगा।

### मुस्लिमों की कम वोटिंग से रालोद में बढ़ी चिंता

**मुजफ्फरनगर।** खतौली उपचुनाव में जहां भाजपा की परेशानी बढ़ी है, लेकिन इस चुनाव में भाजपा के खेमे में इस बात को लेकर भी राहत दिखाई दे रही है कि मुस्लिम बूथों पर भी वोटिंग को लेकर वो उत्साह नजर नहीं आया है, जो पिछले चुनाव में देखने को मिलता रहा है। इसी को लेकर रालोद खेमे में भी चिंता बनी हुई है। हालांकि सही तस्वीर तो बूथों के वोट प्रतिशत के आंकड़े सामने आने के बाद ही साफ हो पायेगी, फिलहाल दोनों खेमों में अपनी वोटों को लेकर चिंतन और मंथन का दौर शुरू हो चुका है।

## सर्राफ की आत्महत्या मामले में 5 नामजद

मुजफ्फरनगर, 05 दिसम्बर (बु.)। सर्राफ की आत्महत्या के मामले में मृतक की पत्नी ने पांच लोगों के विरुद्ध गाली-गलौच, दुकान पर कब्जा करने का प्रयास और दबाव बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि सिविल लाइन थानाक्षेत्र के उत्तरी सिविल लाइन निवासी अर्जुन की कटहरा मोचियान में सर्राफ की दुकान करता था। रविवार को अर्जुन ने जहर खा लिया था। चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी मंजू सिंह ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को विशाल वर्मा, राजा वर्मा, राजू जैन, राजू वर्मा और भोला शंकर वर्मा उसके पति की दुकान पर गए थे। उक्त लोगों ने उसके पति के पास उनका सोना होने का आरोप लगाते हुए उसे वापस मांगा। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसके पति के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। उक्त लोगों के उत्पीडन से तंग आकर उसके पति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंजू की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सीओ खतौली पर लगाया वोटर को रोकने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान आज उस तरह की शिकायतों का दौर तो देखने को नहीं मिला जैसी की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन सुबह के समय एक मतदान केंद्र पर सीओ खतौली पर मतदाताओं को रोकने का आरोप रालोद की ओर से लगाते हुए ट्वीट किया गया। हालांकि कुछ ही देर बाद पुलिस की ओर से जवाबी ट्वीट करते हुए इसका खंडन जारी कर दिया गया। सुबह के समय समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर आरोप लगाया है कि खतौली के सीओ राकेश कुमार सिंह भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आधार कार्ड देखकर उन्हें डाटकर वापस भगा रहे हैं। संज्ञान ले चुनाव आयोग, सीओ को तत्काल सस्पेंड कर निष्पक्ष चुनाव हो सुनिश्चित! दर असल इस ट्वीट के साथ डाले गए वीडियो में सीओ को एक मतदाता को यह कहकर रोकते हुए दिखाया गया है कि वह मतदाता पहचानपत्र लेकर आए। दावा किया गया है कि उक्त व्यक्ति आधारकार्ड लेकर गया था। हालांकि पुलिस ने इस ट्वीट का तत्काल खंडन करते हुए कहा कि उक्त आरोप गलत है और सीओ केवल उस मतदाता को अपना मतदाता पहचान पत्र लेकर आने के लिए कह रहे हैं।

## सर्राफा कारोबारियों ने दी कोतवाली में तहरीर

**मुजफ्फरनगर, 05 दिसम्बर (बु.)।** सर्राफ की आत्महत्या मामले में विशाल वर्मा आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के विरोध में सोमवार को कटहरा मोचियान के कई सर्राफ शहर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने तहरीर देते हुए बताया कि विशाल वर्मा का 550 ग्राम सोना अर्जुन सिंह ने कुछ दिन में भुगतान देने की बात कहते हुए लिया था। भुगतान न देने पर विशाल ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी थी। इस संबंध में सिविल लाइन पुलिस ने अर्जुन को थाने में बुलाकर भी पूछताछ की थी। अर्जुन ने कुछ दिन में भुगतान करने की बात कही थी, लेकिन भुगतान नहीं किया। सरार्फा कारोबारियों का कहना है कि विशाल और अन्य लोगों पर लगाए गए आरोप गलत हैं। शहर कोतवाल आनंददेव मिश्रा ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

## गुजरात में सातवीं बार सत्ता में आ सकती है भाजपा

**नई दिल्ली, 5 दिसंबर (वार्ता)।** गुजरात में एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सत्ता में आ सकती है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में मुकाबला कांटे का रहा है। कांग्रेस सत्तारुढ़ पार्टी को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आ रही है। सोमवार देर शाम जारी एक्जिट पोल से यही बात निकलकर सामने आती है। एक्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। भाजपा को इस बार 117-140, कांग्रेस को 34-51 और आम आदमी पार्टी को 6-13 सीटें मिल सकती हैं। रिपब्लिक टीवी और पी-मारक्यू के एक्जिट पोल मे भी गुजरात में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा किया गया है। कहा गया है कि इस बार भाजपा को 128-148, कांग्रेस को 30-42 और आम आदमी पार्टी को 2-10 सीटें सकती हैं। टीवी-9 गुजराती के एक्जिट पोल के मुताबिक, गुजरात में एक बार फिर भाजपा की लहर देखने को मिली है। यहां सत्तासीन पार्टी को 125-130, कांग्रेस को 40-50 और आम आदमी पार्टी को 3-5 सीटें मिलने का पुवार्नुमान व्यक्त किया गया है। इंडिया टूडे ग्रुप-एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के मुताबिक, गुजरात में भाजपा को 128-144, कांग्रेस को 30-42 और आम आदमी पार्टी को 2-10 सीटें मिल सकती हैं।

## चंदन चौहान के आवास पर सतर्क रहे गठबंधन नेता

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार में जुटे रहे नेताओं ने मतदान के दिन गठबंधन के सभी प्रमुख नेता मीरापुर विधायक चंदन चौहान के आवास पर पूरे दिन डटकर खतौली विधानसभा क्षेत्र पर पैनी नजर बनाकर चुनाव को लेकर एक एक पल की जानकारी ली। विधायक चंदन चौहान के आवास पर रालोद विधायक राजपाल बालियान, पुरकाजी विधायक अनिल कुमार, विधायक थानाभवन अशरफ अली खान, विधायक शामली प्रसन्न चौधरी, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, रालोद पश्चिमी क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,रालोद जिलाध्यक्ष शामली वाजिद अली, रालोद जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर संदीप मलिक, सपा नेता अब्दुल्ला राणा, सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन व अन्य नेता सुबह से ही खतौली उपचुनाव में क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं से लगातार सम्पर्क साधकर पल पल की चुनावी रिपोर्ट लेकर गठबंधन हाईकमान को देने के साथ किसी भी शिकायत पर सतर्क दृष्टि बनाये रहे। रालोद सपा व आसपा नेताओ ने दावा किया कि सत्ता का दबाव व दुरुपयोग उनके कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों पर भले ही बनाया गया हो लेकिन इसके बावजूद गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया पर गठबंधन का वोट जीत सुनिश्चित करने के लिये पड़ा है उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोगों के रुझान गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं।

## नेता नजर नहीं आए, अफसर दनदनाए

**▸ प्रत्याशियों के साथ उनके एजेंट रखे रहे नजर**
**▸ अफसरों ने भी दिन भर लगाई जहां-तहां दौड़**

**मुजफ्फरनगर 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली में मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देशों के चलते जहां नेतागण तो नजर नहीं आए, लेकिन डीएम चंद्रभूषण सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के अलावा तमाम अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निकल पड़े थे। मतदान संपन्न होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खतौली विधानसभा उप निर्वाचन भ्रमण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदान से जुड़े कार्मिकों व सुरक्षा को निष्पक्ष मतदान कराये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने खतौली विधानसभा उप निर्वाचन में बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। खतौली विधानसभा उपचुनाव के दौरान दो सप्ताह तक दहाड़ते रहे नेता आज मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग की सख्ती के बीच आज गायब रहे। प्रत्याशी राजकुमारी सैनी और मदन भैया जरूर अपने पोलिंग एजेंटों के साथ दौड़ भाग करते दिखे। सुबह एक बूथ पर सीओ खतौली पर वोटरों को आधार कार्ड के आधार पर वोट डालने से रोकने की एक शिकायत के अलावा बाद में शिकायतों का दौर भी शांत रहा। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि गठबंधन के प्रत्याशी और उनके समर्थकों को शुरू से ही खासी उम्मीदें पूरी होती नजर आईं। तगडी सुरक्षा व्यवस्था में शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ, जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चुनाव में लगाए गए अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व खतौली विधानसभा के वासियों का आभार व्यक्त किया।


नावला में मतदान के दौरान निरीक्षण के लिए पहुंचे डीएम

## पुलिस प्रशासन का मैनेजमेंट रहा कारगर, नहीं हिला पत्ता

**▸ पोलिंग बूथों के अंदर अर्द्धसैनिक बल तो बाहर मुस्तैद रही पुलिस, बूथों के बाहर नहीं जमा होने दी गई भीड़भाड़**

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में सोमवार को चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। कहीं से भी -ाड़प तक की सूचना नहीं आई। कुल मिलाकर पुलिस प्रशासन का चुनाव मैनेजमेंट कारगर नजर आया। बूथों के अंदर अर्द्धसैनिक बल और बाहर पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आये। जिन्होंने बूथों के बाहर किसी तरह की भीड़ ही नहीं लगने दी। उपचुनाव होने के कारण पुलिस प्रशासन को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था। संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों के साथ जातीय बाहुल्य गांवों में भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह और एसएसपी विनीत जायसवाल पूरे पुलिस और प्रशासनिक अमले के साथ सुबह से ही व्यवस्थाओं का जायजा लेने सड़कों पर उतर गये थे। खुद डीआईजी सुधीर कुमार सिंह भी खतौली विधानसभा के बूथों पर पहुंच गये थे। वैसे तो मतदाताओं में चुनाव को लेकर पहले जैसा उत्साह नहीं था, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था कर किसी को भी शांति व्यवस्था भंग करने का मौका नहीं दिया। अधिकांश बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों के जवान कमान संभाले रहे। इस बार मतदान अभिकर्ता भी बूथों के गेट से काफी दूर नजर आये। जोनल और सैक्टर मजिस्ट्रेट बीच बीच में आकर व्यवस्थाएं जांचते रहे। कुल मिलाकर पुलिस प्रशासन का मैनेजमेंट कारगर नजर आया, क्योंकि कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटना घटित होने की सूचना नहीं थी। पुलिस कर्मियों ने बूथ के बाहर किसी तरह भी भीड़ नहीं लगने दी। तीन चार लोग एक साथ दिखाई दिये तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें वहां से चलता कर दिया। बस्तों पर भी ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली, क्योंकि भाजपा और विपक्ष ने अधिकांश मतदाताओं को पर्ची उनके घर तक पहुंचाने का काम किया।




सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

## खतौली उपचुनाव में 'आधी आबादी' ने की पूरी हिस्सेदारी

**मुस्लिम हो या हिंदू बाहुल्य बूथ, महिलाओं में नजर आया पूरा जोश**

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में भले ही मतदान का प्रतिशत पहले के मुकाबले इस बार गिरा हो, लेकिन आधी आबादी ने अपनी पूरी हिस्सेदारी करते हुए जोशीला मतदान किया है। उनका कहना था कि उन्हें ऐसा अच्छा विधायक चाहिए, जो जनता के सुख दुख में साथ खड़ा नजर आये।

खतौली उपचुनाव में सर्द मौसम के चलते मतदान का प्रतिशत शुरूआती दौर में तो थोड़ा सुस्त नजर आया, लेकिन थोड़ा धूप खिली तो मतदाता अपने घरों से निकलकर बूथ तक पहुंचे। मतदान करने वालों में महिलाएं अग्रणी नजर आई। महिलाओं ने मतदान करने के साथ बेबाकी से अपनी बात भी रखी। भैंसी गांव की अंजू का कहना था कि क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर वो मतदान करके आई हैं। उन्हें ऐसा जनप्रतिनिधि चाहिए, जो विकास, शिक्षा का विस्तार करने के साथ बेरोजगारी की समस्या को दूर करे। आयशा अंसारी का कहना था कि उसे बचपन से ही वोट डालने का शौक रहा है। आज उन्होंने दूसरी बार मतदान किया है, वो चाहती हैं कि उनका मत खराब न हो, जिसका समर्थन किया है, वो ही विधायक निर्वाचित हो जाये। शाहिन फात्मा ने अच्छी शिक्षा और साफ सफाई पर जोर दिया। उनका कहना था कि शिक्षा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा काम हो, ताकि युवा पीढ़ी आगे बढ़ सके। जानसठ के बूथ पर मतदान करने के बाद शीतल ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना की। यही वजह है कि समाज में महिलाएं अब खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। पहली बार मतदान करने वाली नीलम का कहना था कि उसने किसानों और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर अपना मत दिया है। 85 वर्षीया बुजुर्ग विद्यावती का कहना था कि सत्ता में आने के लिए राजनीतिक दल तमाम तरह के प्रलोभन और वादे करते हैं, लेकिन बाद में सब मुकर जाते हैं। किसी की भी सरकार आये महंगाई को रोकने में नाकाम रहती है। उपचुनाव का दंश भी इलाके के लोगों को ही -ोलना पड़ेगा। घरेलू महिला कलावती का कहना था कि महंगाई ने मध्यम वर्गीय लोगों को कमर तोड़ दी है, सरकार को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। छवि नाम की महिला ने प्रदेश की योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने गरीब जनता के हित में कई काम किये हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कानून व्यवस्था में सबसे ज्यादा सुधार आया है।




युवतियों में भी दिखा वोटिंग का उत्साह



### जरूर डालें वोट

मुजफ्फरनगर। खतौली के मौहल्ला देवीदास निवासी दिव्यांग उमर अपने साथी जावेद के साथ मतदान करने पहुंचे। उनका कहना था कि वोट डालना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, इसलिए उसका प्रयोग करने आये हैं। वोट आप किसी को दें, लेकिन वोट जरूर डालकर आयें, क्योंकि संविधान ने हमें ये अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार कोई भी रहे सभी वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिए, यहीं भारत देश की ताकत है। कुछ ताकतें इस एकता को कमजोर करना चाहती हैं।

## चेयरमैनी महिला कोटे में जाने से दावेदारों की सरदर्दी बढ़ी

चरथावल, 5 दिसम्बर (बु.)। चरथावल चेयरमैनी सीट फिर से महिला कोटे में जाने से जहां पिछले तीन चार महिनों से चेयरमैनी चुनाव की तैयारी कर रहे सामान्य जाति के चेयरमैन पद प्रत्याशियों में उत्साह छा गया है तथा उन्होंने अपनी-अपनी पत्नियों को चेयरमैनी लड़ाने हेतु तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं चेयरमैन पद प्रत्याशियों के लिये नगर के किसी भी वार्ड से सभासदी लड़कर हर हाल में जीत दर्ज करने का भी सरदर्द पैदा हो गया है, क्योंकि नियम के अनुसार महिला चेयरमैन के साथ बोर्ड की बैठक में मात्र पति होने के नाते चेयरमैन पति शामिल नहीं हो सकते, उसके लिए चेयरमैन पति का सभासद पद पर निर्वाचित होना आवश्यक है। इसलिए चरथावल सीट के महिला कोटे में जाने की घोषणा होते ही जहां नगर में जहां-तहां चचाओं का बाजार गर्म हो उठा है, वहीं चेयरमैनी के प्रबल दावेदारों ने नगर के 14 वार्डो में अपने अपने लिए सुरक्षित वार्ड की तलाश को लेकर समर्थकों के साथ विचार-मंथन शुरू कर दिया है। इसी के साथ अब चेयरमैनी की लड़ाई महिला प्रत्याशियों के बीच होने से नगरीय महिला मतदाताओं में भी चेयरमैनी चुनाव के प्रति दिलचस्पी व उत्साह देखने को मिल रहा है।

## रोडवेज विभाग यात्रियों की बेहतर सुविधा के लिए प्रयासरत

**▸ खतौली उपचुनाव के चलते कुछ बसों के संचालन में हुई कटौती ▸ यात्रियों को होने वाली सुविधा के लिए जल्द होगा बड़ा बदलाव**

**मुजफ्फरनगर 5 दिसंबर (बु.)।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों के माध्यम से गंतव्य तक जाने वाले यात्रियों को राहत देते हुए अपनी रोडवेज बसों के संचालन में बदलाव किया है। बदले हालातों के बीच और मुजफ्फरनगर जनपद में होने वाले खतौली विधानसभा उपचुनाव को लेकर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे हालातों में पूर्व निर्धारित समय पर रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी के मौसम में परिवहन विभाग की इस व्यवस्था से बड़ी संख्या में लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं, जिसके लिए रोडवेज प्रबंधन किसी तरह की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो पाया है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों में आक्रोश व्याप्त है। अब तक मुजफ्फरनगर डिपो से सुबह से शाम तक रोडवेज बस पानीपत कैराना शामली होते हुए संचालित हो रही थी, इसके वर्तमान में बिना सूचना के बंद करने से लोगों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारी रोडवेज बसों के संचालन में हो रही देरी के लिए उपचुनाव को मुख्य कारण बता रहे हैं, जिसमें अगले 2 दिन में रोडवेज बस संचालन में परिवर्तन देखने को मिलेगा, ऐसी आशा जताई जा रही है। अब तक मुजफ्फरनगर रोडवेज बस स्टैंड से पानीपत के लिए 8 बजे तक रात्रि को बसों का संचालन होता था, जो अब सर्दी के चलते सुबह 6 बजे से रात 7:30 बजे तक बस मिलने की व्यवस्था की गई है। जिले के अधिकारियों की माने तो मुजफ्फरनगर डिपो से विभिन्न मार्गों पर चलाई जाने वाली बसों के समय में परिवर्तन किया गया है। सभी बस अब अपने समय से आधा घंटा पहले से अपनी मंजिल के लिए रवाना होगी। मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो से अपने पड़ौसी जनपदों के साथ इससे जुड़े प्रांतों के लिए मुजफ्फरनगर से लगभग 180 बसें विभिन्न मार्गों पर चलती है। तमाम बसों के माध्यम से वैसे दिन में तो यात्रियों को आने जाने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन बहुतायत देखा गया है कि सुबह और देर रात्रि में यात्रियों को इधर से उधर भटकते हुए देखा गया है। अब इस परेशानी को समाप्त करने के लिए रोडवेज विभाग ने कदम उठाने की पहल की है। बताया गया कि अब से पहले मुजफ्फरनगर से पानीपत के लिए शाम को साढ़े सात बजे आखिरी बस जाती थी, अब आधा घंटा समय बढ़ा दिया गया है, जिस कारण आखिरी बस आठ बजे रवाना हो रही है। इसी तरह बड़ौत साढ़े सात बजे, सहारनपुर साढ़े आठ बजे, रुड़की-हरिद्वार साढ़े आठ बजे व बिजनौर आठ बजे आखिरी बस रवाना हो रही है। यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इससे यात्रियों को सुविधा मिली है।

रोडवेज विभाग के वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी राजकुमार तोमर का कहना है कि देर शाम कामकाज निबटाकर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था बनाई है। उनका कहना है कि हालांकि हरिद्वार-दिल्ली मार्ग पर वैसे तो स्थानीय बस अड्डे से आठ बजे आखिरी बस है, लेकिन इस मार्ग पर दूरस्थ स्थानों से आधी रात तक लंबी दूरी वाली बस आती रहती है। इन बसों को भी रात में लाभ मिलता है। उन्होंने स्वीकार किया कि बीते कुछ दिनों से खतौली उपचुनाव को लेकर दर्जनभर से अधिक बसों के चुनाव ड्यूटी में लग जाने के कारण कुछ बसों के फेरों में कटौती की गई, जिसकी वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा उन्होंने कहा कि अब आने वाले दिनों में व्यवस्था में सुधार दिखाई देगा।




## उपचार के अभाव में महिला ने बीच रास्ते में दम तोड़ा

**शामली, 5 दिसम्बर (बु.)।** कैराना के मौहल्ला अफगानान निवासी 25 वर्षीय विवाहिता को प्रसव पीड़ा के चलते सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन समुचित उपचार न मिलने के कारण जिला अस्पताल लाते समय विवाहिता की बीच रास्ते में मौत हो गई। इससे एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं पर सवालियां निशान उठा है। कैराना के मौहल्ला अफगानान निवासी शराफत की 25 वर्षीय पत्नी नाजमा को सोमवार के दिन प्रसव पीड़ा के चलते कैराना के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां पर काफी देर तक महिला को वार्ड में भर्ती करने के बाद संसाधनों के अभाव के चलते जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया, लेकिन महिला की जिला अस्पताल लाते समय बीच रास्ते में ही मौत हो गई, जिस पर परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि कैराना अस्पताल में महिला को करीब एक घंटे तक भर्ती किए रखा, लेकिन कोई उपचार नही दिया गया और बाद में रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार अल्ट्रासाउंड कराने पर महिला के पेट में दो बच्चे थे। परिजनों का महिला की मौत को लेकर रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एक बार फिर सरकारी अस्पतालों में संसाधनों की कमी और चिकित्सकों की लापरवाही महिला की मौत को लेकर सवालों के घेरे में है।

## वोटिंग में खतौली टॉप, रामपुर रहा फिसड्डी

**लखनऊ, 5 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी में 54.37 फीसदी, रामपुर में सबसे कम 33.94 फीसदी और खतौली में सबसे अधिक 56.46 वोटिंग हुई। मैनपुरी लोकसभा उप चुनाव में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और भाजपा के रघुराज शाक्य के बीच सीधा मुकाबला हुआ। हालांकि वहां कुल छह उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा है। रामपुर में मतदाताओं ने सुबह से ही मतदान के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखाई। रामपुर में सुस्त गति से मतदान का सिलसिला देर शाम तक चला। यही वजह है कि सबसे कम 33.94 प्रतिशत मतदान हुआ। रामपुर में भाजपा के आकाश सक्सेना और सपा के असीम रजा सहित कुल 10 उम्मीदवार के बीच मुकाबला हुआ है।

## प्रत्येक बूथ पर रही एक महिला कर्मचारी की ड्यूटी

**खतौली।** निवार्चन आयोग के निर्देश पर मतदान के दौरान 369 बूथों पर एक महिला कर्मचारी ड्यूटी लगाई गई थी। महिला वोटरों की पहचान करने के लिए यह व्यवस्था की गई।

## आठ को आएगा नतीजा

**खतौली।** मतदान के बाद राजनीतिक दलों के दावों के बाद अब जनता के फैसले की बारी है। आज जनता अपना फैसला ईवीएम का बटन दबाकर करेगी। नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे। तब तक उम्मीदवारों और समर्थकों के साथ राजनीति में रुचि लेने वालों की आंकड़ेबाजी चलेगी और धड़कनें बढ़ी रहेंगी।

## निकाय चुनाव: किस वर्ग को मिला कितना आरक्षण

**लखनऊ, 5 दिसंबर (वार्ता)।** यूपी में 762 नगर निकाय को लेकर होने वाले चुनाव को लेकर मेयर और अध्यक्ष पक्षों के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी गई है। जिसमें 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका और 545 नगर पंचायत चेयरमैनों की सूची शामिल है। यूपी सरकार के नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सोमवार शाम को प्रेस कान्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 नगर निगम में दो सीट अनुसूचित जाति, दो अनुसूचित जनजाति, चार पिछड़ा वर्ग, दो अनारक्षित और आठ सीटें सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं। इसी तरह 200 नगर पालिका के लिए 40 सीटें महिला, 27 एससी वर्ग, 54 ओबीसी और 79 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित की गई है। 545 नगर पंचायत चेयरमैनों के लिए 147 पिछड़ा वर्ग, 49 पिछड़ा वर्ग महिला, 98 पिछड़ा वर्ग अन्य और 107 सामान्य के लिए सीट आरक्षित की गई है। एके शर्मा ने बताया कि आरक्षण सूची को लेकर आपत्ति सात दिन के भीतर दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी।

**नगर निगमों में कहां चलेगा किसका सिक्का**

| | |
|---|---|
| लखनऊ | - अनारक्षित, |
| कानपुर | - अनरक्षित, |
| गोरखपुर | - अनारक्षित, |
| वाराणसी | - अनारक्षित |
| बरेली | - अनारक्षित |
| शाहजहांपुर | - अनारक्षित |
| गाजियाबाद | - अनारक्षित |
| फिरोजाबाद | - अनारक्षित |
| आगरा | - अनुसूचित जाति महिला |
| झांसी | - अनुसूचित जाति |
| मथुरा-वृंदावन | - अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| अलीगढ़ | - अन्य पिछड़ा वर्ग महिला |
| मेरठ | - अन्य पिछड़ा वर्ग |
| प्रयागराज | - अन्य पिछड़ा वर्ग |
| अयोध्या | - महिला |
| सहारनपुर | - महिला |
| मुरादाबाद | - महिला |

## रिहाई के बाद नाहिद ने ली शपथ

**मुजफ्फरनगर, 5 दिसंबर (बु.)।** गैंगस्टर के मुकदमे में हाईकोर्ट से जमानत पाकर 2 दिन पहले चित्रकूट जेल से रिहा हुए कैराना विधायक नाहिद हसन ने सोमवार को शपथ ली। शीतकालीन सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने विश्राम कक्ष में नाहिद हसन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नाहिद हसन ने विधायकी का चुनाव जेल से ही जीता था। जेल में निरुद्ध रहने के कारण वह शपथ भी नहीं ले पाए थे। कैराना सीट से विधानसभा चुनाव 2022 जीतने वाले नाहिद हसन नामांकन से पूर्व ही 15 जनवरी को गैंगस्टर के मुकदमे में अरेस्ट हो गए थे। कोर्ट से जमानत खारिज होने पर उन्हें जिला जेल मुजफ्फरनगर भेज दिया गया था। इसके बाद 28 सितंबर को उन्हें चित्रकूट जेल शिफ्ट कर दिया गया था। अमानत में खयानत और धमकी के मामले में हाईकोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद नाहिद हसन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त मुकदमे में अर्जी की सुनवाई करते नाहिद हसन को जमानत प्रदान कर दी थी। जिसके बाद 5 दिन पहले हाईकोर्ट से भी विधायक नाहिद हसन को गैंगस्टर के मुकदमे में जमानत प्रदान कर दी गई थी। जिससे चित्रकूट जेल से उनकी रिहाई का रास्ता साफा हो गया था। 3 दिसंबर की सुबह नाहिद हसन चित्रकूट जेल से रिहा हो गए थे।

## कार की बाइक में टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल

**शामली, 5 दिसम्बर (बु.)।** मेरठ-करनाल मार्ग पर गांव लांक के निकट महिला उपनिरीक्षक की कार से बाइक सवार युवक टक्कर लगने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर चोट होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सरनावली निवासी पीपल पुत्र राज सिंह सोमवार की सुबह अपनी बाइक से शामली की ओर आ रहा था, तभी लांक गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पीपल गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया जाता है कि कार को कांधला थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक ऊषा चला रही थी। महिला उपनिरीक्षक ने गंभीर हालत में पीपल को उपचार के लिए शामली के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सैंटर के लिए रैफर कर दिया गया। इस संबंध में पुलिस को कोई सूचना परिजनों द्वारा नहीं दी गई।

## राज्य जीएसटी की टीमों द्वारा प्रदेश के 71 जिलों में छापेमारी

**लखनऊ।** यूपी की राज्य वस्तु एवं सेवा कर की 248 टीमों द्वारा प्रदेश के 71 जिलों में छापेमारी की गई। आयकर विभाग को व्यापारियों द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की सूचना मिली थी। यूपी में प्रदेश के 71 जिलों में राज्य वस्तु एवं सेवा कर की टीमों द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई। कर विभाग को बड़े पैमाने पर कर चोरी की सूचना मिली थी। राज्य जीएसटी की 248 टीमों ने प्रदेश के 71 जिलों में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। चार जिलों इटावा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर और रामपुर को छोड़ दिया गया। उपचुनाव में मतदान के कारण कार्रवाई नहीं की गई।

## ट्रक और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**जानसठ, 05 दिसम्बर (बु.)।** सिखेड़ा पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार आ रहे ट्रक की साईड लगने से एक बाईक पर तीन युवक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए और दो युवक घायल हो गए व एक युवक बिलाल पुत्र लाल निवासी कवाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक व ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इस हादसे की सूचना मृतक के पैतृक गांव कवाल में पहुंचते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। और देखते ही देखते मौके वारदात पर भीड़ जमा हो गई मौके पर पहुंचकर सिखेड़ा थाने की पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए मुजफ्फरनगर भेज दिया व घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेज दिया/सिखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि कवाल निवासी तीन युवक मुजफ्फरनगर जा रहे थे निराना के पास सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें दो युवक घायल हो गये तीसरे युवक की मौत हो गई मृतक को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## प्रदर्शन पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 05 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवचौक पर प्रदर्शन कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उक्त लोगों ने निकाय चुनाव में वार्ड आरक्षण के विरोध में नारेबाजी की थी। हाल ही में जनपद में निकाय चुनाव के लिए वार्ड आरक्षण की सूची जारी की गई थी। वार्ड आरक्षण के विरोध में प्रिंस गर्ग, अजय गर्ग, रोबिन गर्ग निवासीगण गुदड़ी बाजार, प्रदीप कुमार निवासी मौहल्ला ब्रह्मनान और अमित कुमार निवासी मौहल्ला छिंपीवाड़ा ने शिवचैक पर पहुंचकर नारेबाजी की थी। आबकारी चैकी इंचार्ज देवपाल सिंह ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 188 में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि खतौली में उप चुनाव के मद्देनजर जनपद में धारा 144 लागू है। नारेबाजी करते हुए उक्त लोगों ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है।